हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 17 अगस्त 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

10 कानूनी गारंटी देने की मांग, किया प्रदर्शन



10 कोलकाता महिला डॉक्टर की हत्या से नाराज डॉक्टर करेंगे धरना प्रदर्शन






न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

आवेदन की अंतिम तिथि 24/08/2024
फायर सेफ्टी के कोर्स
▪ डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
▪ डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
▪ सब-फायर ऑफिसर
▪ बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### नशे में गिरने से मौत

**भिलाई।** शराब पीकर गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सीएसपी छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि सुभाष नगर वार्ड 39 निवासी अनिल शर्मा की लाश सड़क पर मिली। सिर पर चोट के निशान है। सूचना पर पुलिस की टीम और फोरेसिंक एक्सपर्ट पहुचे। बताया गया कि अनिल शर्मा शराब के नशे में सुभाष नगर की ओर लहराते हुए चल रहा था। नशे में गिरने से सिर पर चोट आई है। सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हुई। हत्या या फिर हादसा है फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। मृतक के परिजनों का कहना है कि अनिल शराब का आदी था और हो सकता है कि शराब लेने के दौरान उसकी किसी से विवाद हुआ होगा। लेकिन पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### अवैध शराब बेचते दो युवक को पकड़ा

**भिलाई।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शराब दुकान बंद होने के कारण आरोपियों द्वारा बेखौफ तरीके से शराब बेच रहे थे। तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाम्बे आवास उरला के पीछे बदाम पेड के नीचे मोहन नगर थाना क्षेत्र में अजय विश्वकर्मा, उमेश मरकाम अवैध शराब बेच रहे थे।

संगीन अपराध : पुलिस ने सगी बहनों को किया गिरफ्तार

# दो नातिनों ने लूट की रची साजिश अपनी नानी की कर दी बेहरमी से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लूट की साजिश रच अपनी ही नानी की हत्या कर घर से जेवरात लेकर फरार होने वाली सगी दो नातीनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1), 332(2) 309(6), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना में शामिल एक अपचारी बालिका भी है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम पुरई उतई निवासी अतिंदर साहनी 56 वर्ष अपने फ्लैट में अकेली रहती है। जामुल निवासी राजप्रीत सिंह कुछ दिनों से अतिंदर के मोबाइल पर कॉल करने पर रिसीव नहीं कर रही थी। इसके अलावा मकान के दरवाजे पर ताला भी लटक रहा था। इस दौरान राजप्रीत स्वयं पुरई पहुची और दरवाजा को खुलवाने पर अतिंदर का शव संदग्धि अववस्था में पड़ा मिला। मकान 24 जुलाई से बंद पड़ा था। सूचना मिलने पर उतई पुलिस की टीम पहुची और जांच शुरु कर दिया। मामले में पहले पुलिस ने मर्ग कायम किया।जांच करने पर कई सारी जानकारी पुलिस को मिली। घटना में एसडीओपी आशीष बंछोर ने गंभीरता से लेते हुए। टीआई विपिन रंगारी को आरोपी को पकड़ने नर्दिशित किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों पोतियां बाबा लक्ष्मण अपार्टमेंट अबाडे बाबू चौक पलैट नंबर 302 तीसरा माला थाना पाच पावली जिला नागपुर निवासी दीपजोत कौर और छोटी बहन अपचारी बालिका ने पूर्व में अपनी नानी मृतिका को रूपये पैसे नही देने पर जान से मारने की धमकी देने की जानकारी मिली। आरोपियों के पास से कुल 4 लाख रुपए के सामान जब्त किए है। आरोपीगणों के निशानदेही पर पुलिस ने तकिया एवं स्टील की पानी बॉटल को जप्त किया गया।

### हत्या कर चार लाख के सामान लेकर फरार हो गई थी दो सगी बहनें



### नागपुर से पकड़कर आरोपी बहनों को लाई उतई पुलिस

उत्तई पुलिस ने टीम गठित कर नागपुर दोनों बहनों को पकड़ने के लिए रवाना किया। नातीनों से पुछताछ करने पर दोनों ने पहले पुलिस को गुमराह करते रहे। पुलिस ने सख्ती से वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर पुछताछ करना शुरु किया करने पर हत्या करना स्वीकार किया। दोनों बहनों ने अपनी नानी की हत्या करने के लिए पहले लूट की साजिश रची। उसके बाद आरोपियों ने नागपुर से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर दुर्ग पहुची। ऑटो पकड़कर दोपहर अपनी नानी के घर कुबेर अपार्टमेंट पुरई पहुंची। जहां दरवाजा खटखटाने पर नानी ने दरवाजा खोलते ही बड़ी नातीन दीपजोत कौर तुरंत नानी का मुंह को अपने हाथों से दबाया। छोटी बहन के साथ मिलकर मृतिका का हाथ पैर अपने दुपट्टा से बांध कर मुंह में तकिया दबाया। फिर स्टील के पानी बॉटल से सिर में वार कर मौत के घाट उतारा।

### जेवरात नकदी समेत समाना लेकर फरार थे

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने मृतिका के शरीर में पहने गहने, मोबाईल एवं आलमारी में रखे मृतिका के गहने, नगदी रकम करीबन 30-40 हजार, कागजात, एटीएम कार्ड, बैंक का पासबुक, घर जमीन का रजसट्री पेपर, एफ.डी. पेपर, कार, एक्टीवा की चाबी लेकर दोनों बहनें फ्लैट से बाहर निकले। घर के दरवाजा में सेंटर लॉक को लॉक कर नीचे खड़ी मृत्तका की एक्टीवा सीजी 07 बीएल 4953 को लेकर वहां से सीधे राजनांदगांव चली गई। राजनांदगांव में स्कूटी को बस में डलवाकर नागपुर फरार हो गई। नागपुर पहुंचकर एक्टीवा को रेल्वे पटरी किनारे खड़ी कर दिये थे। उक्त एक्टीवा को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया है। मृतिका के सोने के हार, ब्रेसलेट, सोने का चैन, एक जोड़ी झुमका एवं मोबाईल को अपने पहचान के व्यक्ति के पास रखना स्वीकार किया।

6 दिन के भीतर चौथे कांग्रेस पार्षद की नाराजगी

# एमआईसी मेंबर मीरा ने भी दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वतंत्रता दिवस के दूसरे दिन ही भिलाई निगम की एमआईसी मेंबर और कांग्रेस महिला पार्षद मीरा बंजारे ने इस्तीफा भेजा है। श्रीमती बंजारे शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड 51 की पार्षद हैं। खास बात यह है कि मीरा महिला व बाल विकास विभाग की प्रभारी भी हैं। उन्होने अपना इस्तीफा महापौर नीरज पाल और भिलाई जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को भेजा है। पिछले छह दिनों में वह चौथी पार्षद है जो कांग्रेस पार्टी से अपना इस्तीफा सौंपा है।

भिलाई निगम का मामला

### विकास कार्य नहीं होने को बताई वजह

महिला बाल विकास विभाग की प्रभारी मीरा बंजारे ने अपने इस्तीफे की वजह अपने वार्ड में विकास कार्य का न होना बताया है। उन्होने कहा है कि उनका वार्ड एक श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र का है। ढ़ाई साल से विकास कार्य के लिए महापौर और शहर सरकार से निवेदन करनी आ रही हूं। लेकिन फिर भी मेरे विकास की मांगों और मेरे वार्ड की लगातार उपेक्षा की जाती रही। इस बात से दुखी व व्यथित होकर वह इस्तीफा दे रही हूं।

### तीन कांग्रेस पार्षदों के बाद चौथा इस्तीफा

भिलाई निगम में छह दिन पहले तीन कांग्रेस पार्षदों ने इस्तीफा दिया है। जिसमें वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद हरिओम तिवारी, वार्ड 6 के पार्षद रविशंकर कुर्रे और वार्ड 9 की पार्षद रानू साहू हैं। इनमें से दो निर्दलीय जीत कर आए थे लेकिन कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इन तीनों पार्षदों के इस्तीफे पर अब भी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। न ही पार्षदों द्वारा खुलकर इसकी पुष्टि की जा रही है और न ही भिलाई जिलाध्यक्ष व महापौर के द्वारा। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जितेंद्र साहू द्वारा मान मनौव्वल की कोशिश की जा रही है।

### बातचीत करेंगे

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हमारा धरना-प्रदर्शन पूरे दिन चला है। इसी में मैं व्यस्त रहा। शाम को रायपुर आ गया हूं इसलिए पत्र मुझे नहीं मिला है। **मुकेश चंद्राकर**,जिलाध्यक्ष भिलाई जिकां कमेटी

### इस्तीफा भेजा

मैंने महापौर और जिलाध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है।मेरे वार्ड में विकास कार्य नहीं होने से दुखी हूं। **मीरा बंजारे,** प्रभारी महिला बाल विकास विभाग निगम

# टंकी में डूबने से श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इंजी. पार्क हथखोज का मामला

छग राज्य औद्योगिक विकास निगम के ठेका श्रमिक पंप आपरेटर की पानी टंकी में डूबने से मौत हो गई है। गुरुवार की सुबह पानी टंकी का वाल्व बंद करने के लिए टंकी पर चढ़ा था। पैर फंसने से टंकी मे भरे पानी में डूब गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में स्थित पानी टंकी का वाल्व खोलने पहुचे ग्राम बांदा कबीरधाम निवासी दुर्गेश ठाकुर 32 वर्ष की डूबने से मौत हो गई। दुर्गेश ठेका श्रमिक के रुप में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह वॉल्व को ठीक कर ही रहा था। जैसे ही वाल्व ठीक हुआ टंकी में पानी का प्रेशर बढ़ गया। प्रेशर में दुर्गेश फंस गया और बाहर नहीं निकल पाया। इससे दुर्गेश पानी की टंकी के भीतर ही गोल पानी के भंवर में फंस गया। गुरुवार सुबह की घटना है, जब पानी के टंकी के भीतर देखने पर उसकी लाश तैरती मिली। खबर लगने पर पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची।

पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# शुभम हत्याकांडः 13 आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन दिन पहले हुए वार्ड 51 बोरसी भाठा निवासी शुभम बंदे हत्याकांड मामले में पुलिस ने 8 युवको और पांच अपचारी बालकों को पकड़ा है। पद्मनानाभपुर टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुभाष चौक बोरसी वार्ड 51 निवासी रविश यादव उर्फ रवि,आजाद चौक बोरसी, थाना पदमनाभपुर साहील यादव,सुभाष चौक, दैहान के पास बोरसी रितेन्द्र यादव उर्फ दादू ,वृन्दानगर बोरसी, वार्ड 51 मुरली यादव,गैलेक्सी हाईट्स अटल आवास एस-ब्लॉक, हरिश मुगरी, वृन्दानगर बोरसी अमन भट्ट ,ओम ठाकुर,सुभाष चौक, बोरसी,दिनेश यादव समेत पांच अपचारी बालको को पकड़ा है। घटना की रात मृतक और आरोपियों में विवाद हुआ उसके बाद युवकों ने धारदार चाकूओं से युवक को गोद कर फरार हो गए थे।



### लाटरी के नाम पर महिला से ठगी

**भिलाई।** लाटरी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 318 (4 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हाईटेक अस्पताल में एनआईसीयू वार्ड में अटेंडर व टाटा लाइन कोहका निवासी चमेली गोडेश्वर के वाट्सअप नम्बर पर अज्ञात मोबाइल धारक ने लाटरी 25 लाख रुपए लगने का झांसा देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी से 68 हजार 600 रुपए का ठगी किया है। चमेली 9 अगस्त को अस्पताल में फेसबुक चला रही थी। वाट्सअप पर कौन बनेगा करोड पति पर सवाल आया तो उसका जबाव देने के बाद सीमा शर्मा ने एक लिंक ओपन करने को बोली। ओपन करने पर लाटरी नं. निकला जिसे अज्ञात मोबाइल धारक राना प्रताप सिंग को भेजने बोली। 25 लाख रुपए के लिए प्रोसोसिंग फीस के नाम पर ठगी किया गया।

जिलेभर में कांग्रेसियों ने किया गौ सत्याग्रह, घेराव करने के लिए पहुंचे थे पाटन

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल घुमंतू मवेशियों को लेकर पहुंचे एसडीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

गोठानों को खोलने के लिए शुक्रवार पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल को गौ सत्याग्रह किया। यहां से वे सड़क पर घूम रहे मवेशियों को लेकर एसडीएम पाटन कार्यालय का घेराव करने पहुंचे लेकिन पुलिस ने ऐसी सुरक्षा इंतजाम किए थे कि एक भी गाय को कार्यालय के भीतर नहीं जाने दिया।



### ये रहे शामिल

आंदोलन में मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, विनोद वर्मा, जिलापंचायत के उपाध्यक्ष अशोक साहू, चैतन्य बघेल, दिनेश साहू पुरूषोत्तम कश्यप,भूपेंद्र कश्यप,नगर पंचायत अध्यक्ष आभाष देबे ,मनीष देवांगन, संदीप कश्यप, देवेंद्र चंद्रवंशी, विजय यादव, मनीष पटेल, नीरज सोनी, निशांत त्रिपाठी, हेमंत देवांगन आदि उपस्थित थे।

### गौ सत्याग्रह एक बार फिर सुर्खियों में- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा पाटन नगर में बहुत से आंदोलन हुवे लेकिन आज का गौ सत्याग्रह पाटन को और एक बार और सुर्खियों में ला दिया है। पाटन नगर पिछले कुछ दिनों में सड़क हादसा हुवा था जिसमे एक मवेशी कि मौके पर ही मौत हो गई थी और दो मवेशी बुरी तरह से घायल हुए थे। आए दिन सड़को पर दो पहियों एवं चार पहिया वाहन के चपेट में मवेशी आ जाते हैं। पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में गौठान निर्माण किया गया था जिसको वर्तमान सरकार ने बन्द कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन और जलि पुलिस प्रशासन और पाटन के मुख नगर पालिक अधिकारी सिर्फ घुमंतू मवेशी को खोज रहे है। बघेल ने सरकार पर आरोप लागते हुए कहा कि किसानों के फसलों को भारी मात्रा में नुकसान झेल रहे है। किसानों के बोवाई और बियासी का कार्य हो गया है जिसमें घुमंतू जानवरों के द्वारा अधिक मात्रा में किसानों के खेतों को नुकसान पहुचाया जा रहा है।

### हो रही जनहानिः मुकेश

भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को सुपेला घड़ी चौक में गौ सत्याग्रह किया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सहित पूरे भिलाई शहर में हो रही गायों की मौत और खुले मवेशियों के कारण सड़कों में हो रही दुर्घटनाएं व आवारा मवेशियों से खेतों की चराई पूरे प्रदेश में एक बड़ी समस्या बन कर उभरी है। कांग्रेस सरकार की ओर से संचालित गोधन न्याय योजना को बंद करके गौवंशी पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दिया है। एक तरफ जहां किसान खुली चराई से परेशान हैं। वहीं सड़कों में दुर्घटनाएं बढ़ गई है। भाजपा की सरकार में गौवंश के साथ जनता भी सड़कों पर बेमौत मरने मजबूर हैं। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरेशी, महापौर शशि सिन्हा, बृजमोहन सिंह, गिरवर बंटी साहू, सीजू एंथोनी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा,चंद्रशेखर गवई आदि मौजूद थे।



### भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में गौवंश बदहालः कोसरे

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस लगातार राज्य सरकार को घेरने में लगी हुई है। गुरुवार को भिलाई-3 में एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौ सत्याग्रह किया। अहिवारा विधानसभा के चारों ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष व निगम महापौर निर्मल कोसरे विशेष रूप से मौजूद थे। श्री कोसरे ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में गौवंश की स्थिति बदहाल हो गई है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के भिलाई - चरोदा, जामुल, अहिवारा एवं नंदिनी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गौ सत्याग्रह के लिए एसडीएम कार्यालय भिलाई-3 में एकत्रित हुए। इस अवसर पर भिलाई - चरोदा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, प्रकाश ठाकुर, हीरा वर्मा, दुर्गा गजभिए, पप्पू चंद्राकर, पार्षद गणों में ईश्वर साहू, मोहन साहू, संतोष तिवारी, संतोषी निषाद, एस वेंकट रमना, टेनेंन्द्र ठाकरे, दीप्ति वर्मा, देव कुमारी भल्लावी, मनोज कुमार, एम जॉनी, डे साहब वर्मा, अशफाक अहमद,करीम खान, उमेश साहू समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर का 75 लोगों ने लिया लाभ

दुर्ग। आईएमए द्वारा आओ गांव चले अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम कोडिया में लगाया गया। शिविर में 75 से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निःशुल्क दवा का वितरण एवं शुगर जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को इस मौसम की बीमारियों एवं उससे बचने के उपाय के बारे में भी समझाया गया। अध्यक्ष डॉ राजू भैंसारे ने बताया किए आईएमए द्वारा ग्राम कोडिया को पिछले कई वर्षो से गोद लिया गया है एवं हमारे चिकित्सक समय-समय पर गांव पहुंचकर इस तरह वे शिविर का आयोजन करते हैं। शिविर में डॉ अजय गोवर्धन, डॉ संतोष नेशीन एवं उमेश यादव ने सेवाएं दी। भविष्य में आईएमए के स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा सेवाएं दी जाएगी ।

### निकाली संकल्प यात्रा



दुर्ग। युवा सेवा संघ और श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की संघ शक्ति द्वारा मरोदा सेक्टर स्टील क्लब भिलाई से विश्व गुरु हो भारत प्यारा का संकल्प यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को पूरे मडोदा सेक्टर में घुमाया गया। यात्रा का जगह जगह स्वागत वंदन किया गया। यात्रा में मडोदा सेक्टर के अलावा भिलाई दुर्ग के हरि ओम साधक परिवार शामिल हुए।

### मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेब पोर्टल राष्ट्र को समर्पित

दुर्ग। 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा कीट निगरानी प्रणाली अंतर्गत कीटों के हमलों एवं फसल रोगों के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्रदाय करने के उद्देश्य से एनपीएसएस मोबाईल एप्लीकेशन और वेब पोर्टल को राष्ट्र को समर्पित किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ दुर्ग में किया गया। जिसमें जिले के 65 कृषक बंधु एवं महिलायें सम्मिलित हुए। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ दुर्ग के प्रमुख डॉ विजय जैन द्वारा समस्त उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस के बधाई के साथ-साथ नवीन मोबाईल एप्प के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में राजेश राठौर संयुक्त संचालक कृषि एलएम भगत, कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ ईश्वरी साहू, डॉ कमल नारायण, डॉ ललिता रामटेके, डॉ नीतू स्वर्णकार एवं डॉ विनय नायक उपस्थित थे।

### बालसंस्कार ने किया कांवड़ियों की सेवा



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की बालसंस्कार विभाग द्वारा नयापारा दुर्ग में जल ले जाने वाले शिव भक्त कांवड़ियों का शर्बत व फल प्रसादी दे कर सेवा किया। सेवा के कार्यक्रम में बालमंडल की सेवा देने वाले महिला भी समिलित थे। उक्त जानकारी युवा संघ ने दी।

## अनदेखी : पर्व के बीच मिलावटी खाद्य सामानों की जांच से अफसरों का परहेज

# औषधि महकमा मैदान से गायब मिठाई दुकान में निगम की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर और सीएमओ के निर्देश पर ही कार्यवाही करने वाला औषधि प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसर मैदान से गायब है। आगामी दिनों राखी पर्व है, जिसके चलते दुकानों में जमकर मिठाईयों की बिक्री चरम पर है। लेकिन मजाल है, एक भी औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी का निर्वहन करते दिख रहे है। पर्व समीप है, लेकिन सीजन में एक भी अधिकारी फील्ड पर नही है। हालात यह है कि, नगरनिगम को ऐसे दुकानों की मानिटरिंग करनी पड रही है।

उल्लेखनीय है कि, पर्व में हर साल मिठाईयों की थोक में बिक्री होती हैं। ऐसे में आम लोगों के स्वास्थ्य पर मिलावटी मिठाईयों को बुरा असर न हो, इसके लिए ही जांच की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अधीन आने वाले औषधि प्रशासन विभाग का गठन ही इसलिए किया गया है। लेकिन विभाग के ज्यादातर अफसर तभी निकलते है, जब कलेक्टर या सीएमओ निर्देश देते है। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि, प्रशासन आम लोगों के स्वास्थ्य को लेकर कितना गंभीर है। विभाग द्वारा हर साल लिए गए सैंपलों को सार्वजनिक भी नही किया जाता है। जिससे ऐसे मिलावटखोर पर कार्यवाही भी नही हो पाती है। सीएमएचओ डां मनोज दानी का कहना है कि, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यवाही तो कर रहे है। लेकिन कब कहां इसकी जानकारी नही मिल रही है।

**खास बातें**

- खाद्य के अधिकारी मैदान से नदारद
- नगरनिगम ने जांच का संभाला मोर्चा
- पर्व के बीच मिलावट पर कार्रवाई करने का अभियान ठंडा

**मैदानी स्तर पर कार्रवाई के बजाय दफ्तर में दुबक रहे अफसर**



### आटा, बेसन में मिले थे धूल के कण

इससे पहले जुलाई माह में किए गए कार्यवाही में अफसरों को आटा, बेसन, मटर, हल्दी व मिर्च पाउडर में धूल के कंण मिले थे, इससे संबंधित आधा दर्जन दुकानो में जांच की गई थी। वही मिथ्याछाप पाए जाने वाले खाद्य पदार्थो में ब्रेड, टोस्ट और हल्दी पाउडर मिले थे। जांच में पाया गया कि, खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लेबल के जरिए जानकारी नही लिखी गई थी। जुलाई के बाद अफसरों ने जांच ही नही की हैं।

### दफ्तर का शोभा बढ़ा रहा फूड सेफ्टी वाहन



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। जिसके जरिए प्रतिष्ठानों से जांच एकत्रित किया जाना है। चलित वाहन में तत्काल सैंपल रिपोर्ट बताने की भी सुविधा है। लेकिन वाहन विभाग के सामने खडी हुई है, जो सिर्फ शोभा बढा रही हैं। आज तक वाहनों के जरिए लिए गए सैंपल की भी जानकारी नही दी गई है। इंदिरा मार्केट के फूटकार व्यापारियों का कहना है कि, सैंपल ले जाने के बाद रिपोर्ट की जानकारी ही नही दी जाती है।

### निगम के अफसर दे रहे चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों की जांच की। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर का कहना है कि, आगामी त्योहारों में दुकानों में साफ सफाई एवं मिलावट को रोकने के लिए जांच की जा रही है। आमतौर पर त्योहारों के सीजन में मिलने वाले खाद्य सामग्री, दुकानों में साफ सफाई नहीं होने की शिकायत आती है। इसी कड़ी में पहले से ही अमला मैदान में जुट गया है, ताकि लोगों की सेहत से खिलवाड़ ना हो। शुक्रवार को आनंद होटल एवं गोकुल होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। हांलाकि निगम को सैंपल लेने का अधिकार नही है, लेकिन औषधि प्रशासन के अधिकारी नही होने वे सिर्फ चेतावनी देकर लौट गए।

# वाजपेयी की पुण्यतिथि पर नतमस्तक हुए भाजपाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता राजनीति के अजातशत्रु पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी पुण्यतिथि के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी में कार्यकर्ताओं को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि, राजनीति के अजातशत्रु छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता प्रखंड विद्वान, कवि जनसंघ संस्थापक सदस्यों में से एक अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। इस अवसर पर

### भीष्म पितामह के नाम पर भी पहचान

जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि, आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। इन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से जीवन के सार को रेखांकित करने का प्रयास किया । मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि स्व अटल बिहारी वाजपेयी के बताए हुए मार्ग पर चलें और अपना जीवन सफल बनाएं।

भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला महामंत्री एवं विधायक ललित चंद्राकर सुरेंद्र कौशिक उपाध्यक्ष दिलीप साहू राजेंद्र पाध्याय अलका बाघमार मंत्री आशीष निमजे दीपक चोपड़ा सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष मदन वढाई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, दिव्या कलिहारी ,गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, शिवेंद्र परिहार, शिवकुमार निषाद, फते साहू, राजेंद्र ढीमर, निशा साहू, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोलकाता महिला डॉक्टर की हत्या से नाराज डॉक्टर करेंगे धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही महिला डॉक्टर से दरिंदगी पूर्वक मारपीट कर हत्या करने एवं विरोध प्रदर्शन में बैठे जूनियर डॉक्टर्स के साथ असामाजिक तत्वों की भीड़ के द्वारा जबरदस्त मारपीट एवं अस्पताल में बुरी तरह से तोड़ फोड़कर दहशत फैलाने के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा 17 अगस्त को राष्ट्रव्यापी सामान्य चिकित्सा सेवा जैसे प्राइवेट क्लिनिक व ओपीडी सेवा, ऑपरेशन्स, डायग्नोस्टिक संस्थान आदि बंद रखने तथा धरना प्रदर्शन का आव्हान किया गया है। जिसके तहत आज दुर्ग व भिलाई आईएमए शाखा के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर दुर्ग भिलाई में इस हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। आईएमए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ राजू भैसारे ने बताया कि, 17 अगस्त को प्रातः छः बजे से आगामी 24 घंटे तक दुर्ग व भिलाई शहर में सामान्य चिकित्सा बंद रखी जाएगी व आपातकालीन चिकित्सा यथावत चालू रहेगी। वही दोपहर 12 बजे दुर्ग आईएमए भवन के सामने समस्त चिकत्सक एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। तदोपरान्त जिलाधीश को ज्ञापन भी सौपेंगे। बैठक में डॉ अजय गोवर्धन, डॉ शरद पाटनकर, डॉ प्रभात पाण्डेय, डॉ अहमद हमदानी, डॉ टीके पांडेय एवं डॉ राजू भैसारे आदि आईएमए के वरिष्ठ पदाधिकारीगण ने दुर्ग भिलाई के समस्त चिकित्सकों से अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन व कैंडल मार्च में शामिल होने का आव्हान किया है।

- डॉक्टर एवं नर्स ने रैली निकालकर जताया विरोध

### अग्निवीर भर्ती : शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 21 अगस्त से दुर्ग जिले के तीनों विकासखण्ड दुर्ग, पाटन, धमधा में आरंभ किया जाएगा।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार दुर्ग विकासखण्ड के निवासरत आवेदकों हेतु रविशंकर स्टेडियम दुर्ग, विकासखण्ड पाटन खेल मैदान सर्किट हाउस के पीछे पाटन और विकासखण्ड धमधा कॉलेज मैदान सिरनाभाठा धमधा में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदक उक्त स्थानों में 21 अगस्त को प्रातः 6 बजे उपस्थित हो सकते हैं। आवेदक को अपने साथ लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

# कॉलेज में मनाया स्वतंत्रता दिवस

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत, राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली निकाली गई। साथ ही गणमान्य नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों के सामने लगाने हेतु प्रेरित किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डा.नागेंद्र शर्मा विधिक सलाहकार दयानंद शिक्षा समिति के द्वारा स्वतंत्रता दिवस की संवैधानिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आभारानी गुप्ता उपाध्यक्ष दयानंद शिक्षा समिति ने आजादी पर्व की बधाइयां देते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विशेष अतिथि संजय ताम्रकार सहसचिव, दयानंद शिक्षा समिति ने भी सभी को बधाईयां दी। धर्मपाल स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी निशा साहू एवं प्रियंका के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह एवं समस्त प्राध्यापकगण, स्वयंसेवक, कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के द्वारा आजादी पर्व के उपलक्ष्य में पौधारोपण कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के पीएचडी प्राप्त करने वाली डा.नीतू सिंह, डा.आस्था सिजारिया, डा.संगीता वर्मा, डा.तृप्ति खनंग, डा.प्रितिका ताम्रकार एवं एमएड की छात्रा चांदनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया।




### महिला सशक्तिकरण संघ ने 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

संविधान चौक में महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा आजादी का जश्न बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष आयुष्मति प्रज्ञा बौद्ध के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर देश को आजाद करने वाले सभी शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष मीणा नारनवरे, कोषाध्यक्ष रंजना, वालवानदरे प्रीतिमा गेडाम, पुष्पलता भोईर, पुष्प लता भोईर, कविता रंगारी, शोभा जामुलकर, कविता जामुलकर, नूतन पखिंडे, शशि महेश्वरी, प्रार्थना धरडे, वंदना धरडे, सुनंदा गजभिए, प्रमिला राऊत, साधना नागवंशी, राष्ट्रीय ट्रस्टी एसआर कानडे, सीएल माहेश्वरी, संजय शेन्द्रे, सीके डोंगरे, नरेंद्र डोंगरे, बीडी डोंगरे, जेके रंगारी, आर मेश्राम, लोखंडे साहब, आशीष चौहान, नंदा चौहान, प्रवीण वासनिक, शैलेंद्र भगत, बिंदु वैद्य इत्यादि उपस्थित रहे।



# ऐ मेरे वतन के लोगों को शहरवासियों ने काफी सराहा



दुर्ग। नगर निगम दुर्ग के सहयोग से छत्तीसगढ़ मंच के बैनर तले शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित देशभक्ति एवं अन्य गीतों का संगीतमय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में एथलीट ताजुद्दीन, आरएल श्रीवास्तव, चंद्रीकादत्तत चंद्राकर, राधा श्रीवास्तव, राजेश राजा, प्रीति श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर धीरज बाक्लीवाल ने देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि, मेरे अच्छे कर्मों का फल है कि मुझे आप शहरवासियों का सेवा करने का मौका मिला। मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने संचालन किया। कार्यक्रम में पूर्वा श्रीवास्तव, जानकी रमैया, शरीक अली, रमन सिंह, तुलसी सोनी, जया भारद्वाज, यूनुस चौहान, हरीश सोनी, त्रिलोक सोनी, रानी परवीन, मतीन भाई, शेख जहीर ने कई अन्य देशभक्ति गाकर समा बांध दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोशिश स्टार ग्रुप के संचालक जाहिद अली, संजय दुबे, हाजी मिर्जा साजिद बैग, संजय बोहरा, जाबिर अली, अबरार पुवार, अलीम कुरैशी, मुश्ताक भाई, शिवाकांत तिवारी, रविंद्र जैन, किशोर जैन, राजा दाऊ, हेमंत साहू सहित शहरवासी एवम संगीतमप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी एवम आभार प्रदर्शन मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

# मवेशी लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे आक्रोशित कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में लगातार लावारिश मवेशियों को सडक पर छोडे जाने के कारण आय दिन हो रही दुर्घटना और किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियो ने आज जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है, कि शासन प्रशासन ने मवेशियों को लावारिश मरने पर छोड दिया है। गौ सत्याग्रह के जरिए कांग्रेसियों ने सडक पर प्रशासन और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की, वही कलेक्टोरेट में रैली लेकर पहुंचे कांग्रेसियो ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेसियों ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार आयी है। तब से इनके तुगलकी निर्णय के कारण गोवंशीय पशुओं को मरने की स्थिति निर्मित हो रही है। गोधन न्याय योजना को बंद होने से लगातार गायो की मौत की घटना में बढोत्तरी हो रही है। साथ ही किसान खुली चराई से परेशान हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि, दुर्घटनाओं से पशुधन की मौत हो ही रही है। साथ ही राहगीर भी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस दौरान अरुण वोरा, गया पटेल, आरएनवर्मा, कमल नारायण रुंगटा, राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, राजेश शर्मा, नंदू महोबिया, पप्पू श्रीवास्तव, राजकुमार पाली, अल्ताफ अहमद, महीपसिंह भुवाल, सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, राजेश शर्मा, नंदकुमार सेन, संदीप वोरा, सुमित वोरा, आदित्य नारायण, बिंदु राजपूत, गिरधर शर्मा, त्रिशरण डोंगरे, देव सिन्हा, मोहित वालदे, अलख नवरंग, राकेश साहू, ज्ञानी देवांगन, निशांत गोडबोले, विवेक मिश्रा, अनूप वर्मा, सफी कुरेशी, आलोक ठाकुर, इंद्रपाल सिंह भाटिया, संजय कोहले, हेमंत तिवारी, विवेक मिश्रा, एनी पीटर, अयूब खान आदि उपस्थित थे।

- गौठान बंद किए जाने से खपा कांग्रेसियों ने किया

# 21 को भारत बंद का समर्थन करेगा अजा, अजजा समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सोमवार को दुर्ग के समस्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय की उपस्थिति में बुद्ध विहार शंकर नगर दुर्ग में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कई सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्तिथ थे। बैठक मे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोटे में कोटा तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के जाति मे विभाजन के खिलाफ एवं संविधान बचाने 21 अगस्त को शांति पूर्ण भारत बंद के आंदोलन का समर्थन करेंगे एवं आंदोलन मे अपनी उपस्थिति देंगे। साथ ही हर मोहल्ले वार्ड में जाकर सभी एससी, एसटी के लोगों को आंदोलन के लिए तैयार करेंगे। बैठक में अरविंद चौधरी, विजय कुमार बोरकर, सिद्धार्थ बोरकर, शैलेंद्र भिमटे, ज्ञानू बागडे, मोहित वालदे, नंदकिशोर मराठे, अशोक मडामे, दिनेश भौतिक, अजित वैध, रामराव ढोक आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में प्रकाश कुमार पिता स्व. डेरहा राम देवांगन निवासी सड़क 6/ बी शांति नगर सुपेला, भिलाईं निवासी यह सपथ करता हूं मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम प्रकाश देवांगन पिता स्व. डेरहा राम देवांगन रख लिया हूं।

अंतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रकाश देवांगन के नाम से ही जाना पहचना जावे।

प्रकाश देवांगन
मुहर सड़क-6/ बी,शांति नगर, सुपेला-भिलाईं

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील - भिलाई-3 प.ह.न. - 00012 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324430217200076

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी दिनेश पिता/पति- गोविन्द जी पता-कुम्हारी, हितेश पिता/पति चंद्रकांत पता- कुम्हारी चंद्रकांत पिता/पति-गोविन्द जी पता- कुम्हारी, गोविन्द जी पिता/पति-मेघाजी पता- कुम्हारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 359/260 (0.0485) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता यशुमति ठक्कर पिता/पति चन्द्रकांत ठक्कर पता ओंकार निवास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड क्रं. 15, इलहाबाद बैंक के पीछे कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/08/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई 'दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
PAWAN THAKUR
मुहर भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## किसान मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# कानूनी गारंटी देने की मांग, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के नेतृत्व में किसानों ने गांधी प्रतिमा के पास दुर्ग में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकाल में चौथी किस्त नही मिलने और उद्यानिकी विभाग से फसल बीमा की राशि नही मिलने को लेकर नाराजगी जाहिर की गई।

- स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने सिफारिश

किसान स्वामीनाथन आयोग की अनुसंशा के अनुसार सी 2 लागत पर 50% लाभ जोड़कर कृषि उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने और इसकी पालना के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करने की मांग कर रहे थे, इसके अलावा किसान अलाभप्रद खेती के कारण कर्ज में डूबे किसानों के कर्ज माफ करने और बीज, खाद दवा सहित कृषि यंत्रों, उपकरणों को जीएसटी से बाहर करने की मांग की है। सभी किसानों को आदान राशि प्रदान करने और किसान न्याय योजना की बाकी चौथे किश्त के मुद्दों पर राज्य सरकार के खिलाफ किसान आक्रोशित हुए। पूर्ववर्ती बघेल सरकार ने खरीफ वर्ष 2022-23 के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किश्तों की राशि किसानों को दिया है, किंतु सत्ता बदलने के बाद वर्तमान सरकार ने चौथे किश्त की राशि अब तक किसानों को नहीं दिया है। विष्णुदेव साय सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना को बंद करने का अधिकृत निर्णय नहीं लिया है। लेकिन किसानों को आदान राशि प्रदान नहीं किया जा रहा है। किसानों को भी आदान राशि प्रदान करने, केसीसी ऋण पर तीन साल से बकाया ब्याज सब्सिडी की राशि प्रदान करने, रबी उद्यानिकी फसलों की बीमा दावा राशि का प्रभावित किसानों को भुगतान करने की मांग रखी। प्रदर्शन में भगतराम, कुंवर सिंह, गिरीश दिल्लीवार, विष्णु साहू, बाबूलाल साहू, बद्री प्रसाद पारकर, विनोद वर्मा, ईश्वरी साहू, प्रमोद पंवार, विश्राम देवांगन, रविप्रकाश ताम्रकार, नारायण देवांगन, संजय ताम्रकार, संतुलाल पटेल, रघुवर साहू आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री स्कूल में बच्चों की प्रस्तुति

**भिलाई** । पीएमश्री विद्यालय देवकर स्वतंत्रता दिवसर पर बच्चों के सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रम हुए। रंगोली, चित्रकारी व निबंध प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया। उनकी प्रतिभा को ग्रामवासियों ने सराहा। विजेताओं को शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। प्राचार्य अनिल डहले, व्याख्याता योगेश प्रजापति, अंकिता देशमुख, ईश्वर साहू, चेतना भारती राजपूत, योगेश साहू, पूर्णिमा साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### श्यामलाल साव



**दुर्ग।** नया शिव मंदिर के पीछे कादंबरी नगर दुर्ग निवासी श्याम लाल साव( 89) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे माधुरी,सरोज,आनंद,ओमप्रकाश और स्व.अमन साव के पिता थे।

### रामदास देशलहरा



**भिलाई।** रिटायर बीएसपी कर्मी रिसाल निवासी रामदास देशलहरा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मूल ग्राम नांहदा में किया गया। वे रीति देशलहरा के पति और गायत्री,अर्चना व सुमन के पिता थे।

### भगतराम मेघवानी



**भिलाई।** वसुंधरा नगर भिलाई-3 निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी भगतराम मेघवानी का 65 वर्ष की उम्र में 16 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार एकता नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भीमनदास मेघवानी के पुत्र, दिलीप, अमर, मुकेश व कैलाश के भाई एवं अमित व नीरज मेघवानी के पिता थे।

### दामोदर शिवप्पा



**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी 83 वर्षीय शांति नगर भिलाई निवासी दामोदर शिवप्पा हरने का निधन 15 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में 16 अगस्त को किया गया। वे प्रवीण हरने के पिता थे।

### नंदनी तिवारी



**भिलाई।** ग्राम कचान्दुर निवासी नंदनी तिवारी 49 वर्षीय का आकस्मिक निधन 15 अगस्त को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 16 अगस्त को कचान्दुर के स्थानीय मुक्ति धाम किया गया। वे पल्लवी चौबे, शोभा शुक्ला एवं ग्राम पुरोहित पण्डित सूरज तिवारी की मां थीं।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल में अब जल्द होगी लिवर इलेस्टोग्राफी की मैपिंग

## डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने उच्च-स्तरीय 3 टेस्ला एमआरआई मशीन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र में उच्च-स्तरीय 3 टेस्ला एमआरआई मशीन (सिग्ना आर्किटेक्ट) का उद्घाटन निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। सेल के किसी भी अस्पताल में स्थापित होने वाली यह पहली 3 टेस्ला एमआरआई मशीन है। यह मशीन प्रोस्टेट, ब्रेस्ट एवं स्त्री रोग संबंधी मलिग्नन्सी का प्राथमिक अवस्था में पता लगाने के लिए बहुत उपयोगी है। मशीन का उपयोग करके कार्डियक इमेजिंग, लिवर इलास्टोग्राफी के साथ कार्टिलेज मैपिंग भी आसानी से की जा सकती है। इसलिए विभिन्न बीमारियों के शीघ्र निदान एवं त्वरित उपचार के लिए बहुत लाभकारी है।

### क्लॉस्ट्रोफोबिया की संभावना कम

मशीन के उद्घाटन के दौरान संयंत्र के कार्यपलक निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी विभाग के सीएमओ डां. एम रविन्द्रनाथ, डां. विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर व डॉ. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित थे। अतिरिक्त सीएमओ डॉ. प्रतिभा इस्सर ने इस मशीन के लाभ के बारे में बताया। 70 सेमी के चौड़े बोर के वजह से इस मशीन में रोगी के क्लॉस्ट्रोफोबिया की संभावना कम होती है। इसके अतिरिक्त, तेज तकनीकी प्रक्रिया के कारण, रोगी को कम समय के लिए गैंट्री के अंदर रहना पड़ता है, जिससे रोगी, विशेष रूप से बच्चों को कोई असुविधा नहीं होती है।



### ब्रेन की देगी उच्च गुणवत्ता इमेज

स्कैनिंग की समय कम होने से मोशन आर्टिफैक्ट्स को भी कम करता है। मशीन की तेज तकनीक से सिर की चोट और तीव्र रोधगलन (एक्यूट इंफर्क्ट) के रोगियों को स्कैन करना आसान हो जाता है। यह मशीन मस्तिष्क की उच्च गुणवत्ता वाली छवियां प्रदान करती है, जो निदान और उपचार की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुर्दे से जुड़े रोगी के लिए, इसमें नॉन-कंट्रास्ट एमआर एंजियोग्राम करने की सुविधा है।



## यूनियन ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव, बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने सीजीएम से की मांग

# बीएसपी में बाहरी कंपनियों और मजदूरों का हो वेरिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में चोरी की बढ़ रही घटनाओं और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने एनजेसीएस यूनियनों के साथ लोकल यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। अब सुरक्षा के साथ प्लांट में काम करने वाली बाहर कंपनियों व ठेका मजदूरों के पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने की मांग की जा रही है। साथ ही बीएसपी कर्मियों को हो रही परेशानी को देखते हुए सुविधाओं को अपडेट किए जाने जोर दिया जा रहा है।

बीएसपी कर्मचारियों को बीएसपी में सीआईएसएफ की लचर सुरक्षा व्यवस्था का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है ।बीडब्ल्यूयू यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रबंधन से मिलकर बताया कि प्लांट में



चोरी, कर्मियों पर हमले और लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं। यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि खुर्सीपार गेट, जोरा तराई गेट, यूआरएम, आरएमपी 3, ओएचपी आदि विभागों की तरफ से लगी बीएसपी बाउंड्री से आए दिन चोरी की वारदातें हो रही है, लेकिन बीएसपी प्रबंधन इसको रोकने के लिए एफआईआर जैसा कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इससे अराजक तत्वों को हौसले बढ़ रहे हैं। प्लांट में आज बाहर की कई ठेका कंपनी और उनके श्रमिक कार्य कर रहें है। इनका लोकल पुलिस थाने में किसी प्रकार का वेरिफिकेशन नहीं होता । इससे असामाजिक तत्वों का प्लांट में प्रवेश सुगम हो जाता है और बीएसपी संसाधनों और बीएसपी कर्मचारियों के लिए खतरा और बढ़ रहा है।

### व्यवस्थित है रेस्टरूम

यूआरएम सहित पूरे संयंत्र में कैंटीन सहित बुनियाद सुविधाओं को अपडेट किए जाने की मांग यूनियन ने की । बताया कि गंदे पानी की समस्या के साथ केंटीनों में बेस्वाद खाना मिल रहा है। खाद्य वस्तुओं की क्वालिटी सुधारने के साथ कर्मियों के रेस्टरुम को भी ठीक किया जाए। बारिश में जर्जर सड़कों की मरम्मत किया जाए।

### कर्मियों की होगी सुरक्षा सुनिश्‍ति

यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से मांग की कि सभी ठेकेदारों और ठेका श्रमिकों का भिलाई भट्टी थाने से पुलिस सत्यापन हो, उसके बाद उन्हें कार्य पर रखा जाए। इससे बीएसपी संसाधनों, प्लांट के अंदर बीएसपी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सीजीएम से मिलने के दौरान कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह सहित टी डीलेश्वर राव, अमित बर्मन, सुरेश सिंह, विमल कांत पांडे, लुमेश कुमार, राजेश कांत फिरंगी, सुभाष चंद्र महाराणा, नितिन कश्यप, संदीप सिंह, सचिव मनोज डडसेना, डीपी सिंह, कृष्णमूर्ति, मनीष यादव, प्रवीण यादव, अभिलाष, रविंद्र कुमार यादव, प्रशांत देवलकर आदि उपस्थित थे।

## भट्टी थाना का मामला

# हनुमान प्रतिमा को किया अपमानित, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में भगवान हनुमान मंदिर में हनुमान की प्रतिमा को अपमानित करने का मामला सामने आया है।

अज्ञात के खिलाफ भठ्ठी पुलिस ने धारा 298 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने बुधवार की रात हनुमान मूर्ति को अपमानित कर फरार हो गया। काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने जिसे देख घटना की जानकारी दी। आक्रोशित कर्मियों ने शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। यूनियन नेताओं का कहना है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य किया गया है। इस तरह के अपराध को करने वाले को नहीं बख्शा जाएगा। यूआरएम विभाग के मुख्य महाप्रबंधक से इसकी जानकारी ली और भट्ठी पुलिस को अवगत कराया गया है। इसे लेकर सांसद विजय बघेल को भी अवगत कराया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इसे जुड़े आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे। इसे लेकर युनियन का एक प्रतिनिधि मंडल यूआरएम के मुख्य महा प्रबंधक अनीस सेन गुप्ता से मुलाकात कर भगवान हनुमान के अपमान को लेकर विरोध जताया गया है। घटना के बाद मंदिर में दो कैमरे और लोहे का गेट लगाया गया है।

### बीडब्ल्यूयू ने की कार्रवाई की मांग,सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बीएसपी के अंदर हनुमान मंदिर में मूर्ति का अपमान करने वाले परकार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि संयंत्र के अंदर मंदिर में अज्ञात ने श्री हनुमान की मूर्ति का अपमान किया। इसकी जानकारी बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक, भट्ठी थाना और सांसद विजय बघेल को देकर दोषी पर सुरक्षा व कार्रवाई की मांग की। श्री दत्ता ने बताया कि बुधवार को रात दो बजे संयंत्र के अंदर मंदिर में श्री हनुमान की मूर्ति का अज्ञात व्यक्ति ने अपमान किया। प्रबंधन से सुरक्षा व जिम्मेदार पर कार्रवाई के साथ घटना की पुनरावृत्ति ने होने देने की मांग की प्रतिनिधि मंडल ने की। सांसद ने दोषियों को पकड़वाने के निर्देश दिए। घटना बाद सीजीएम ने 2 सीसी कैमरे व गेट लगवा दिया है।

### घटना को सियासी रंग न देने की अपील: मंदिर समिति




**भिलाई।** बीएसपी के यूआरएम हनुमान मंदिर समिति ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने के लिए इस घटना को अज्ञात विक्षिप्त द्वारा किए जाने की आशंका जताते हुए इसे राजनीतिक रंग नहीं दिए जाने की अपील सभी से की है। समिति ने बीएसपी मुख्य महाप्रबंधक अनीस सेनगुप्ता के संज्ञान में लाने के बाद उन्होंने गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीसीटीवी कैमरा मन्दिर परिसर में लगवा दिया। । ज्ञापन में कहा कि सौहार्दपूर्ण को बिगाड़ने के प्रयोजन में हम अनजाने ही सहयोगी बनेगें । मिनी भारत के सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण की मिसालें दी जाती हैं। ज्ञापन देने व के दौरान देवेन्द्र कुमार सिंह,संतोष कुमार वर्मा, अभिषेक मिश्रा, नितेन्द्र देशलहरे, एससी मजूमदार, विनोद,मनीष चौधरी वीके पटेल व प्रबंधन की ओर से सीजीएम अनीस सेनगुप्ता जीएम डीएन बेहरा व पंकज कुरील भी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित मिश्रा से दया ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथा हो रही थी। आज समापन के बाद पं. मिश्रा सिहोर के लिए रवाना हुए। पंडित को विदा करने के लिए बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह एयरपोर्ट पहुंचे। जहां आशीर्वाद लेकर पंडित को दया ने रवाना किया।



### भंसूली(के) में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**पाटन।** पाटन विधानसभा के ग्राम भंसूली(के)में भारत देश की 78वीं स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दुर्ग जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने सुयश नवयुवक मंडल सहित विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। उन्होंने देश के वीर सपूतों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।साथ ही शासउमाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। सरपंच तुलसी डहरिया,उपसरपंच कमलेश साहू,पूर्व जप पूरण साहू,गैंदलाल डहरिया,डा के के साहू,नीलमणि साहू, दिनेश साहू आदि मौजूद थे।

# बीएसएफ जवानों को सांसद बघेल की पत्नी रजनी ने बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत सामाजिक संस्थाओं की 600 बहनों द्वारा बीएसएफ के हेड क्वार्टर के सभागार से रक्षा सूत्र बांधकर किया गया। आयोजन में सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुईं। शिव शक्ति महिला समिति के अध्यक्ष सूची नेता चौरसिया ने बताया कि 12 संगठनों की महिलाएं आयोजन में शामिल हुईं। बीएसएफ के 112 जवानों को रेशम की डोर रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ ही उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। चौरसिया ने बताया कि उनके द्वारा सीमा पर भी जवानों के लिए राखी भेजी जा रही है। आयोजन में बीएसएफ हेडक्वार्टर के कमांडेंट असिस्टेंट कमांडेंट प्रशासनिक मनीष सिंह एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य शिरीश अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। रजनी बघेल ने कहा कि सामाजिक समरसता की शुरुआत हमें स्वयं अपने घर से करनी होगी। मैं सभी बीएसएफ के जवान जो अपने घर से दूर रहकर अपनी सेवाएं राष्ट्र को समर्पित कर रहे हैं। उनके प्रति कृतज्ञ हैं। हम बहनों का फर्ज है कि इन्हें की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें दीर्घायु जीवन की कामना करें। आयोजन में बीएसएफ के प्रदीप रतननांवरी, घनश्याम आदि मौजूद थे।

■ सामाजिक संस्थाओं की 600 बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

### जागृति उमा विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस



**अंडा।** जागृति उ.मा.विद्यालय परिसर में ग्राम बटरेल में प्रतिवर्षानुसार स्वतंत्रता दिवस' पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यालय शाला परिसर में पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने ध्वजारोहण किया। ग्रामपंचायत में अभय राम ठाकुर सरपंच ने किया। मुख्य आयोजन में चार शालाओं के छात्रों ने सास्कृतिक, कार्यक्रमों को प्रस्तुती किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमति झरणा साहू, महेन्द्र कुमार साहू, रूपसिंह साहू, भोकलूराम साहू, यादव राम, भागदास मार्कण्डेय, प्राचार्य टी. के पिपरिया, प्राना. मनीषा तिवारी, प्र.पा. डोकेश्वर साहू, खेमलाल आदि उपस्थित थे।

# पूर्व पीएम वाजपेई को पुण्यतिथि पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश के दसवें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सांसद विजय बघेल के निवास पर भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। बघेल ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन के बारे में पूरा देश ही नहीं पूरी दुनिया जानती है। पूरी दुनिया की राजनेता उन्हें सम्मान देते थे। वे छत्तीसगढ़ के लिए और अधिक महत्वपूर्ण है,क्योंकि उन्होंने हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर हमारे पुरखों के सपने को पूरा किया है। उन्हें,इसके लिए पूरा



छत्तीसगढ़ हमेशा -हमेशा याद रखेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश को सोने की चिड़िया बनाने के कार्यक्रमों की शुरुआत की और देश में सुशासन लाने का काम किया।

### पानी की समस्या से आयुक्त को कराया अवगत



**भिलाई।** पानी की समस्या को देखते हुए शुक्रवार को निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव से जोन-3 अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड 33 पार्षद प्रतिनिधि एन दान राजू, वार्ड 31 भोला साहू वार्ड, 32 धर्मेंद्र दिवाकर, वार्ड 30 राज कुमार जसवाल ने समस्या से अवगत कराया। इस पानी की समस्या से वार्डवासियों को निजात दिलाने की मांग की गई। जल्द पेयजल समस्या का निदान नहीं होने पर घेराव की चेतावनी दी गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301




## रिसाली निगम में जनस्वास्थ्य कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

# अभियान में रोड़ा बनने पर घर का कटेगा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम में शुक्रवार को जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कहा कि कुछ घंटे या फिर कुछ दिन के अंतराल में बारिश होने पर मच्छर या अन्य बीमारी का प्रकोप बढ़ने लगता है। यही वजह है कि बीमारी महामारी का रूप न ले, एहतियात बरते अभियान में तेजी लाई गई है। रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए है कि फाइट द बाइट अभियान में रोड़ा बनने वाले के साथ सख्ती से पेस आया जाएगा। ऐसे लोगों के निवास में लगे नल कनेक्शन को विच्छेद किया जाएगा।

### 15 सितंबर तक करें लार्वा नष्ट

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.सी.बी.सी. बंजारे ने कहा कि मच्छर पनपने के लिए वर्तमान मौसम अनुकूल है। आने वाले 15 सितंबर तक मच्छर के लार्वा की तलाश कर उसे नष्ट करे। मच्छर किसी भी प्रकार का हो वह जानलेवा हो सकता है। यही वजह है कि टेमीफॉस का पहले उपयोग करे फिर कुलर व जमा हुआ पानी खाली करे। प्रशिक्षण देते हुए डॉ. बंजारे ने कहा कि निगम का अमला ठहरे हुए बारिश के पानी में जला आइल अवश्य डाले। यह खानापूर्ति के तौर में नहीं होना चाहिए।



### गाड़ी की स्पीड 5 किमी प्रति घंटा हो

डॉ. बंजारे ने कहा व्यस्क मच्छर को मारने फॉगिंग करे। कर्मचारी ध्यान रखे कि धुंआ जमीन, घरों और झाड़ियों तक पहुंचे। फॉगिंग करते समय गाड़ी की स्पीड 5 किलोमीटर प्रति घंटा हो।

### कॉकरोच है टायफाइड का संवाहक

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि घरों में कॉकरोच होता है। वही कॉकरोच पीलिया, टायफाइड का संवाहक है। दरअसल कॉकरोच नाली में छिपा रहता है। वॉश बेसिन के रास्ते वह बर्तन तक पहुंचता है और वह बैक्टीरिया छोड़ जाता है। इसलिए बर्तन उपयोग करने से पहले उसे अच्छे से धो ले।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



दुल्हन ऐसे भाएगी पिया मन


**लाइव इवेंट**

## समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए आर लखेन्द्र को मिला सम्मान



**भिलाई।** प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिला संघ के संयोजक आर लखेन्द्र साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में गृहमंत्री अरूण साव शामिल हुए। अध्यक्षता प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष अटल साहू ने की। माता कर्मा की महा आरती कर अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया गया। आर लखेन्द्र साहू का उत्कृष्ट कार्य व समाज सेवा के लिए मोमेंटो व प्रमाण पत्र से देकर सम्मान किया गया। दुर्ग संभाग से डॉ. सरिता साहू को कला साहित्य, रामकुमार साहू को शिक्षा, हर्ष देव साहू को स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य के लिए सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन साहू अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत साहू ने किया।

- प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी संघ के महासम्मेलन में सम्मानित किए गए

**सिटी इवेंट**

## जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, 25 यूनिट ब्लड कलेक्ट





**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता को देखते हुए रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। सोनू सूद चैरिटी क्लब ने 25 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही टीबी विभाग के प्रोग्राम असिस्टेंट ( एमडीआर एंड टीबी, एचआईवी ) टीकम सिंह जाटवर ने भी ए पॉजीटिव ब्लड रक्तदान किया गया। इस अवसर ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉण प्रवीण अग्रवाल, नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता, तरुणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी,लैब टैक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंहए क्लब से दीक्षा नागदेवे मेश्राम, ज्ञनेश और रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंधकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समीति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ब्लड बैंक में लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सोनू सूद चैरिटी क्लब के सदस्यों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि थैलीसीमिया, सिकलसेल, कैंसर, प्रसव के दौरान कई मामलों में ब्लड की जरुरत होती है। डायलिसिस के समय भी रक्त की आवश्यकता होती। दुर्ग में ब्लड की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। ताकि हर मरीज को ब्लड उपलब्ध हो सके। इस कार्य में दुर्ग-भिलाई की कई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है। पिछले दिनों डॉक्टर्स ने भी जागरुकता रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया था।

- ब्लड बैंक द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा

## गतका डॉज बॉल और वॉलीबॉल का खेला गया मैच, खिलाड़ी सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई स्पोर्ट्स एकेडमी सेक्टर 2 में कई खेलों का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से गतका डॉज बॉल एवं वॉलीबॉल का शो मैच हुआ। साथ ही अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। संस्था द्वारा पिछले 5 सालों से स्वतंत्रता दिवस के दिन इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य रूप से द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष बाबा खान, फारुख खान अल्पसंख्यक अध्यक्ष भिलाई नगर, प्रमोद प्रभाकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3, एल चैतन्य सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी), बाबर भाई समाजसेवी, आलम आरा अध्यक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी शामिल हुए। आयोजन में खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से सिमरन सिंह अध्यक्ष एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़, राहुल रेड्डी कोच, रामेश, नेहा कौर, रिया, मिताली ठाकुर, नीलिमा मुख्य रूप से मौजूद थे।

● साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विभाजन की विभीषिका विषय पर कार्यशाला

# भारत की एकता और अखंडता को राष्ट्र में बनाए रखने विरोधी ताकतों को कम करना जरूरी : चौधरी

साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विभाजन की विभीषिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इतिहास के पन्नों में दर्ज विभाजन के दर्द पर विस्तार से अपनी बात रखी। आयोजन में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। आयोजन में साज विधायक ईश्वर साहू, सुरेंद्र कौशिक, साइंस कॉलेज के प्राचार्य एम सिद्धकी, गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डीके अग्रवाल भी मौजूद थे।



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की बातें अनादिकाल से प्रचलित हैं। सर्व भवन्तु सुखिनः के भाव में अलग-अलग जाति, धर्म, देश के लोग ही समाहित नहीं है, बल्कि इसमें मनुष्य के साथ-साथ पशु, पेड़-पौधे, चेतन के अलावा जड़ भी समाहित है। निर्जीव, पर्वत, नदी, पत्थर सभी समाहित हैं। इतनी बड़ी परिकल्पना केवल भारतीय संस्कृति में की जा सकती है। भारत की एकता और अखण्डता को एक राष्ट्र के रूप में निर्मित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि राष्ट्र विरोधी ताकतों को कम किया जाए। किसी शब्द की उत्पत्ति उसकी संस्कृति और जीवन के आधार पर होती है। जब देश रहेगा तो हमारा भविष्य रहेगा। जब देश नहीं रहेगा, तो हम सभी का भविष्य नहीं रहेगा। देश प्रगति करेगा तो उसका लाभ हम सबको मिलता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आएं। जब आप अपने आप को मजबूत बनाएंगे, तभी आप राष्ट्र को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा भारत में जितना गड़बड़ झाला हुआ है, जितनी समस्याएं पैदा हुई वह धर्म और अंग्रेज़ी के शब्द रिलीजन को एक करने के कारण पैदा हुई।

### 1947 के विभाजन को देश अब तक नहीं भूला

चौधरी ने कहा कि 1947 में विभाजन के समय सत्ता कब्जा किए लोगों ने धर्म के आधार पर देश को दो टुकड़े में बांट दिया। उसके दर्द को आप बांट नहीं सकते। विभाजन से प्रभावित लोगों को अपनी दुकानदारी, व्यवसाय, घर परिवार, धन-दौलत, सब छोड़कर आना पड़ा। कई लोगों को अपने परिवारजनों से बिछड़ना पड़ा। 1905 में बंगाल के विभाजन की बात हुई, लेकिन लोगों ने इतना पूरजोर विरोध किया कि अंग्रेजों को 1911 में अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। दुर्भाग्य से हमारे देश में 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन हो गया। विभाजन के समय कई महिलाओं को अपहरण कर उन्हें तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। मैं इतना ही कहूंगा कि आप सभी दर्द को समझें और इसका इतिहास जानने का प्रयास करें। उन्होंने मांग पर साइंस कॉलेज का ऑडिटोरियम बनवाने का आश्वासन दिया।



### विभाजन का दर्द सिहरन पैदा करने वाला रहा

गजेंद्र यादव ने कहा कि विभाजन के समय के दर्द को मन में याद करने से मन में सिहरन पैदा हो जाती है। हर आदमी इस दर्द को नहीं समझ सकता, जिन्होंने इसे झेला है और देखा है। विभाजन के समय लोगों को ढूंढ ढूंढ कर मारा जा रहा था। जहां देखो वहां कत्लेआम का नजारा था। ललित चंद्राकर ने कहा कि धर्म के आधार पर हमारा देश अलग हुआ था। उस समय कुछ लोग जो देश में यह कहते फिर रहे हैं, हमारे देश में बोलने की आजादी नहीं है, तो मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि आज जिस निर्भयता के साथ ये बोल रहे हैं। उससे पता चलता है कि कितना सुरक्षित देश भारत है।

### विभाजन के इतिहास को हर किसी को जानना चाहिए

भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि विभाजन के इतिहास को हम सबको जानना बहुत आवश्यक है। ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है कि देश के विभाजन के समय दो करोड़ लोग प्रभावित हुए थे। न जाने कितनों को अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। साथ ही साथ माताएं और बहनों को बलात्कार और तरह-तरह की यातनाएं झेलनी पड़ी। हम सभी इस विभाजन के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मना रहे हैं।

### सिख और सिंधी समाज के प्रतिनिधि भी हुए शामिल

आयोजित कार्यक्रम में सिख समाज और सिंधी समाज के लोग भी शामिल हुए। सिख समाज के डॉ. साहब सिंह एवं सिंधी समाज से सीए चंद लेखवानी ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि विभाजन को लेकर हम सभी ने बहुत कुछ सुन रखा है, लेकिन इसकी सच्चाई और भी अधिक भयानक है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, अरविंदर खुराना, अलका बाघमार, आशीष निंमजे, दीपक चोपड़ा, नीलेश अग्रवाल, मनोज सोनी, अनूप सोनी, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, अजय तिवारी, जीत हेमचंद यादव, दिव्या कलिहारी, संतोष सोनी, नरेश तेजवानी, चंद्र प्रकाश मांडले, विनायक ताम्रकार, मीना सिंह, जय श्री राजपूत, शिवेंद्र परिहार, अनूप गटागट, अशोक कंडरा, उपस्थित रहे।

## पर्यावरण के लिए समर्पित संस्था आर्टकॉम को मिला सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की कला एवं पर्यावरण के लिए समर्पित संस्था आर्टकॉम को सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल के हाथों प्रदान किया गया। इसे लेकर संस्था के निशु पांडेय ने बताया कि संस्था अपने अभियान हर आँगन एक पेड़ को लेकर चर्चित है। आज के समय सोशल मीडिया के माध्यम से आर्टकॉम का अभियान हर तक पहुंच चुका है। हम

वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। पिछले 6 वर्षों से इस काम को कर रहे हैं। इस अभियान के कारण भिलाई नगम निगम के पटरीपार क्षेत्र में बहुत बदलाव आया है। इसी निरंतरता

को देखकर भिलाई निगम ने हमारी आर्टकॉम संस्था को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के करमजीत सिंह, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, संजय तिवारी, शारदा गुप्ता, श्रीनिवास मिश्र, गुरनाम सिंह, अमिताभ भट्टाचार्य, मदन सेन, विजय गुप्ता, राम, हैरी सिंह, सीपी सिंह, संतोष जायसवाल, सच्चिदानंद दुबे, मेघा कौर सहित अन्य मौजूद थे।

## कीट निगरानी और बचाव के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च



**भिलाई।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कीट निगरानी प्रणाली के अंतर्गत कीटों के हमलों एवं फसल रोगों के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्रदाय करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन एनपीएसएस और वेब पोर्टल लॉन्च किया गया। इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) में इसका लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान जिले के 65 कृषक एवं महिलां आयोजन में शामिल हुईं। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने समस्त उपस्थितजनों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नवीन मोबाइल एप को डाउनलोड करने और इसे ऑपरेट करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक राजेश राठौर, उप संचालक एलएम भगत सहित, डॉ. ईश्वरी साहू, डॉ. कमल नारायण, डॉ. ललिता रामटेके, डॉ. नीतू स्वर्णकार, डॉ. विनय नायक सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**स्टूडेंट्स 21 अगस्त तक एडमिशन ले सकेंगे, शुक्रवार से हुई शुरुआत**

# बीटेक में पहले राउंड की सीटें अलॉट, हर बार की तरह सरकारी कॉलेज पहली पसंद, कंप्यूटर साइंस की डिमांड

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में सत्र 2024-25 के अनुसार एडमिशन के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। बीटेक में एडमिशन के लिए लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके अनुसार पहले राउंड में 5443 सीटें अलॉट भी हो चुके हैं। इसमें गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज यानी जीईसी की 849 सीटें हैं। इस बार कुछ निजी कॉलेजों की डिमांड भी ज्यादा है। वहां भी कंप्यूटर साइंस समेत अन्य ब्रांच की सीटें अलॉट हुई है। जानकारी के मुताबिक जिन छात्रों को सीटें मिली हैं वे 21 अगस्त तक एडमिशन ले सकेंगे।



शुक्रवार से एडमिशन की शुरुआत कर दी गई है। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए 22 अगस्त से 27 अगस्त शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन होगा। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज यानी जीईसी की डिमांड हर बार की तरह इस बार भी है। रायपुर, बिलासपुर व जगदलपुर के जीईसी में करीब साढ़े आठ सौ सीटें हैं। पहले चरण में ही सभी सीटें बंट गई है। इसे लेकर संभावना है कि पहले राउंड में सरकारी कॉलेजों की 70 फीसदी से अधिक सीटों में प्रवेश हो जाएगा। वहीं कुछ निजी कॉलेजों की कभी बड़ी संख्या में सीटें अलॉट हुई हैं। प्रदेश में इस बार बीटेक की 11266 सीटें हैं। पिछली बार पूरी काउंसिलिंग न के बाद इंजीनियरिंग की साढ़े पांच हजार सीटें भरी थी।

### गवर्नमेंट इंजीनियरिंग रायपुर में 294 सीटें, सभी बंटीं

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में सिविल की 42, सीएस 63, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक की 63, इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन की 63 और मैकेनिकल 63 सीटें हैं। इस तरह से यहां कुल 294 सीटें हैं। जानकारों का कहना है कि पहले राउंड में जो सीटें बंटी हैं उनमें कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिक मैकेनिकल की सभी सीटों में एडमिशन हो जाएंगे। भिलाई के अलावा रायपुर की इंजीनियरिंग सीटें पहले भरती हैं। भिलाई में इंजीनियरिंग के अधिकांश कॉलेज प्राइवेट हैं।

### एमबीए की 732, बीटेक लेटेरल एंट्री की साढ़े आठ सौ सीटें अलॉट

बीटेक के अलावा एमबीए समेत अन्य तकनीकी कोर्स में भी काउंसिलिंग शुरू है। प्रदेश में एमबीए की 2070 सीटें हैं। पहले राउंड में 732 अलॉट की गई। बीटेक लेटरल एंट्री जिसमें डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्र सेकंड ईयर में प्रवेश लेते हैंए इसकी 5549 सीटें हैं। इसकी 853 सीटें आबंटित की गई। एमटेक की 1245 सीटें है। इनमें से थोड़ी ही बंट है, अधिकांश खाली हैं। पहले राउंड के अलॉट की गई सीटों में प्रवेश 21 अगस्त तक होंगे।

### जीईसी बिलासपुर में 273 व जगदलपुर में 282 सीटें

जीईसी बिलासपुर में कुल 273 सीटें हैं। इनमें सिविल की 21, सीएस 42, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक 63, इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन की 42, मैकेनिकल 42, आईटी 42, माइनिंग में कुल 21 सीटें हैं। सभी अलॉट हुई हैं। इसी तरह जीईसी जगदलपुर में कुल 282 सीटें हैं। इनमें सिविल में 63, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक 31, इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन 63, मैकेनिकल 31, आईटी 31 और माइनिंग में 63 सीटें हैं।

## सिटी इवेंट

# कुरैशी का हुआ सम्मान, कहा- हमेशा जनसेवा करते रहेंगे



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी को सम्मानित किया गया। उनके लिए आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। कार्यक्रम में सीजू एंथोनी, आरबीके राव, रामबचन यादव, अरुण अग्रवाल, संतोष श्रीवास्तव, जावेद, बीएम मालवीय, शेख अकरम, लोकेश साहू, संजीव पीएस, दिनेश कुमार हियानिया, अरुण ठावकर, मुकेश गुर्जर, दानेश्वरी साहू, कविता साहू, मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद जावेद, रोशन अहमद कुरैशी, योगेद साहू, जी कोटेश्वर राव, राधारमण चैबे, नरेश सागरवंशी, अनूप चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद थे। कुरैशी ने इस अवसर पर कहा कि अब उनकी उम्र 72 वर्ष हो चुकी है। इस उम्र में भी वे जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। उनके समर्थकों ने उन्हें जो सम्मान दिया, उसके लिए सभी का आभार। उन्होंने कहा कि वे अब भी जनता हितों को लेकर लगातार प्रयास करते रहेंगे। उनके सामने आने वाली हर समस्या और परेशानियों को जनता के हितों के लिए उठाते रहेंगे।

- समर्थकों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया

## धर्म लाइव

# देश भक्ति गीतों से शहीदों को किया नमन, श्रद्धांजलि अर्पित



**भिलाई।** तथागत म्यूजिकल ग्रुप भिलाई द्वारा देशभक्ति गीतों से शहीदों को नमन किया गया। देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। आयोजन बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में हुआ। ध्वजारोहण अध्यक्ष सविता मेश्राम ने सुबह 9 बजे किया। इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र खोब्रागडे ने नारी शक्ति और उनके हर क्षेत्र में योगदान पर अपने विचार रखे। वक्ताओं के रूप में एससी गौरकर, राजेश गजभिये, विनायक चौरे, अजय गणवीर ने अपनी बात रखी। म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल साखरे, निदेशक धनंजय मेश्राम, सलाहकार अशोक धवले, ग्रुप फाउंडर सदस्य सुरेश सोमकुवर, आनंद चौहान, अनिल गजभिये आदि कलाकारों ने देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कल्पना गजभिये ने किया।

### मौन सभा आज, चित्रकार पेंटिंग के माध्यम से दर्ज कराएंगे आक्रोश

**भिलाई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक और उनके सुरक्षा के लिए बांग्लादेश तथा भारत सरकार से गुहार लगाने, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए अनाचार और हत्या, मुजफ्फरपुर में बालिका के साथ दुष्कर्म तथा हत्या तथा कवर्धा में बालिका के हत्या के विरोध में रविंद्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी हुडको में 17 अगस्त को शाम 7 बजे से सभा का आयोजन किया गया है। इसमें स्थानीय लोगों एवं चित्रकारों द्वारा पेंटिंग के माध्यम से मुद्दों पर अभिव्यक्ति व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर रविंद्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी, कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ तथा गीतांश व ललित कला एकाडमी भिलाई द्वारा आयोजित मौन एवं विरोध सभा में शामिल होने की अपील की है।

## पहल

# गीता मुखर्जी का मृत शरीर मेडिकल कॉलेज को दान



**भिलाई। भिलाई।** 145 वीआईपी नगर, रिसाली निवासी गीता मुखर्जी के मरणोपरांत उनके मृत शरीर को मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन के लिए दान किया गया। मानवसेवी संस्था प्रनाम के माध्यम से शव को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। 21 सितम्बर 2019 को स्व. गीता मुखर्जी ने अपनी बहु जयश्री मुखर्जी के साथ संयुक्त रूप से प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के बाद देहदान की वसीयत की थी। 81 वर्ष की आयु में गीता मुखर्जी का निधन सेक्टर-9 हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। इसकी सूचना उनके परिजनों ने प्रनाम को दी। इसके बाद शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज भिलाई में उनकी पार्थिव काया अध्ययन एवं अध्यापन के लिए दान की गई। इस दौरान स्व. गीता मुखर्जी के पुत्र गौतम मुखर्जी एवं अन्य परिजन जयश्री मुखर्जी, शोभा चक्रवर्ती, आशीष चक्रवर्ती, रतन ठाकुर, संतोष नायर, पोली संतोष, बिनापानी चक्रवर्ती, देबू राय चौधरी, प्रदीप धर, अजय मिश्रा, संजय मिश्रा, असीम चक्रवर्ती सहित अन्य मौजूद थे। केसवानी ने बताया कि संस्था द्वारा अब तक 2042 लोगों को देहदान के लिए प्रेरित किया जा चुका है। 212 लोगों के शव को दान स्वरूप विभिन्न चिकित्सकीय संस्थाओं के सुपुर्द किया जा चुका है। संस्था का यह कार्य अनवरत जारी है।

- प्रनाम संस्था के माध्यम से पेश की गई देहदान की मिसाल

## आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में चातुर्मास के दौरान विधि-विधान से हो रहे अनुष्ठान

# 24 तीर्थंकर की स्तुति, पैंसठिया छंद का अनुष्ठान हुआ, 18 अगस्त को बहनें बांधेंगी सुरक्षा कवच सूत

**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब के सभागृह में चातुर्मास के दौरान विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। साध्वी सुमंगल प्रभा, डॉ. सुवृद्धि श्री, रजत प्रभा, श्रीजी प्रांजल, वंदना श्री महाराज ने मिलकर एक साथ दिव्य आत्मा तीर्थंकर परमात्मा का स्मरण करते हुए पैंसठिया छंद का अनुष्ठान कराया। इसमें जैन समाज के लोग पति-पत्नी सहजोड़े मिलकर इस अनुष्ठान में भाग लिया। नवकार महामंत्र की आराधना के साथ यह पैंसठिया छंद प्रारंभ हुआ। यह पैंसठिया छंद चौबीस तीर्थंकर परमात्मा की स्तुति है, इसे प्रतिदिन दिन में एक बार इसका अनुष्ठान करने से ग्रह शांति, विघ्न हरण, संपत्ति लाभ, प्रतिष्ठा लाभ, पुत्र लाभ, गर्भ रक्षण सहित सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। पैंसठिया यंत्र का छंद बहुत ही मंगलकारी और प्रभावशाली है। इस स्तुति के माध्यम से 24 तीर्थंकर प्रभु की आराधना की गई। मान्यता है कि पैंसठिया यंत्र के छंद के पाठ से मनवांछित कामाना कि पूर्ति होती है।




### पैंसठिया एक प्रकार का विशेष छंद, जो जैन आचार्यों की रचना

जैन समाज के लोगों ने बताया कि पैंसठिया यंत्र का निर्माण विशेष तरह से होता है। इसे दायें-बायें और ऊपर नीचे अर्थात उर्ध्व और क्षितिज पंक्तियों का योग 65 होना चाहिए है। पैंसठिया यंत्र के पाठ से दुख दूर होते हैं। व्यक्ति का यश, मान-सम्मान बढ़ता है। तीर्थंकर प्रभु की यह स्तुति पूर्ण श्रद्धा व विश्वास के साथ करनी चाहिए। पैसठिया यंत्र के छंद का पाठ नित्य नियम पूर्वक करना चाहिए। पैंसठिया छंद एक चौबीस तीर्थंकरों की सुन्दरतम स्तुति है। पैंसठिया छंद जो है, ये हमारे आचार्यों द्वारा एक विशिष्ट रचना है। जो प्राचीनकाल में कुछ सदी पूर्व आचार्य प्रवर श्री धर्मसिंह महाराज साहब हुए हैं। उस काल में 4 क्रांतिकारी संतों में एक थे।



### पैंसठिया यानी 65 अंक वाला विशिष्ट साधना पाठ

जैन समाज के लोगों ने बताया कि जैन आचार्य धर्म सिंह जो गुजरात के थे। इन्होंने सामान्य जनता के लिए जिसे संस्कृत उच्चारण के लिए कठिनाई होती थी। पढ़ने बोलने में बड़ी मुश्किल होती थी। ऐसे समय में इसे अपनी प्रचलित भाषा यानी जनभाषा में डालकर उसको अनुवादित किया। जो पदेय रचना में रचित जिसका आज जप अनुष्ठान किया गया। पैंसठिया यानी 65 अंक वाले ऐसे विशिष्ट साधना वाला पाठ, जिसे करने से ग्रहशांति होती है। किसी भी प्रकार का विघ्न नहीं होता है। इससे समृद्धि, प्रतिष्ठाण प्राप्ति होती है। इसका सुमिरन करने से सर्व मनोरथ पूर्ण होते हैं।

**मंत्रों में जैसे नमस्कार मंत्र, वैसे ही यंत्रों में पैंसठिया यंत्र**

जैन समाज के लोगों ने बताया कि जैसे मंत्रों में नमस्कार मंत्र वैसे यंत्रों में पैंसठिया यंत्र है। अहमदाबाद के दरियाखाना पीर की दरगाह में जब संकट आया, तब आचार्य भगवन धर्मसिंहजी महाराज ने उसी दरगाह स्थल पर खड़े-खड़े इस पैंसठिया छंद की रचना की। यह एक ऐसा चमत्कारी छंद है, जो हर व्यक्ति के जीवन में आधि व्याधि को शांत करता है। शांति और परम आनन्द की अनुभूति होती है। इस पेंसठिया छंद के द्वारा । इस आराधना साधना से मन को अपार प्रसन्नता प्राप्त होती है, सुख शांति का आभास होता है। 1 घंटे के इस अनुष्ठान में जैन समाज की बड़ी संख्या में श्रावक श्राविका उपस्थित थे, जिन्होंने शुद्ध भावों से इस छंद की आराधना की। मधुकर भवन में 18 अगस्त को विशेष कार्यक्रम शुक्रवार को हुई धर्म सभा में किरण देवी संचेती ने 30 उपवास मासखमण का संकल्प पूरा किया। इसी प्रकार सुप्रिया छाजेड़ ने 22 उपवास का संकल्प धर्मसभा में लिया। उपस्थित जनों ने इस तप का अनुमोदन किया।

## स्वरोजगार कार्यशाला

# स्वरोजगार का मौका, खुद के व्यापार के लिए मिलेगा 50 लाख तक लोन




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन एवं बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनरतले जिला उद्योग केन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा ऑफिसर्स एसोसिशन बिल्डिंग प्रगति भवन सिविक सेंटर में एक दिवसीय स्वरोजगार कार्यशाला का अयोजन किया गया। आयोजन में ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर मुख्य अतिथि रूप में मौजूद थे। उनके अलावा अध्यक्ष मेघनाथ यादव, वरिष्ठ प्रबंधक उद्योग विभाग शैलेन्द्र सिंह, बैंक ऑफ बड़ोदा के मैनेजर प्रकाश राव, ग्रामीण रोजगार परियोजना जुनवानी के निदेशक एनके पटेल, पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर-6 के प्रबंधक धनेश्वर लहरी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। मेघनाथ यादव ने बताया कि सैकड़ों शिक्षित बेरोजगार कार्यशाला में शामिल हुए। कौशल विकास योजना से लेकर लघु कुटीर उद्योग एवं लार्ज स्केल उद्योग के लिए 10 हजार रुपए से 50 लाख रुपए तक का लोन लिया जा सकता है। आयोजन में बैंक की भी भूमिका ऋण देने में बताई गई। साथ ही इन सरकारी योजनाओं पर हितग्राहियों को 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। इसके साथ ही लोगों ने स्वरोजगार हेतु अपनी शंका समाधान हेतु प्रश्न किए गए। उनका जवाब अधिकारियों ने संतोषप्रद दिया। इस कार्यशाला में लगभग 100 आवेदकों ने स्वरोजगार पाने हेतु वांछित जानकारी एवं बायोडाटा प्रस्तुत किया। यादव ने बताया कि इस आयोजन में उपस्थित लोगों द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिला, इस प्रकार का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके केसकर, लखन लाल साहू, जीवन सिन्हा, घनश्याम निषाद, चंदू लाल मरकाम, रामदुलारी ताम्रकार, कुमुद ताम्रकार, कल्याण सिंह साहू, वरुण यादव, मधुर लाल देवांगन, जीवन लाल पैकरा, शुभ्रकांत ताम्रकार, गिरधारी सिन्हा, आनन्द राम सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे। संचालन एवं मार्गदर्शन उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर ने किया। आभार भोजराम डड़सेना ने व्यक्त किया।

**ऑफिसर्स एसोसिएशन बिल्डिंग प्रगति भवन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन**

## समाज के पुरोधा

# लक्ष्मण, नारायण और तेजराम कृपाण की स्थापित होंगी प्रतिमाएं









**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज द्वारा समाज के पुरोधा और संस्थापक सदस्यों लक्ष्मण लाल यदु, नारायण रावत और तेजराम कृपाण यादव की आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाएगा।

छातागढ़ मोहलाई में आयोजित यादव सम्मान समारोह में इसकी घोषणा की गई। आयोजन में समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, जिला अध्यक्ष विजय यादव, नगर अध्यक्ष पवन यादव प्रमुख रूप से मौजूद थे। मोहलाई प्रमुख रामानंद यादव ने उनकी स्वागत किया। उनके अलावा आयोजन में यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, योद्धा-नर्तन के उपाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, मोहलाई पूर्व सरपंच भरत निषाद का भी पितांबरी गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव प्रमुखों का श्री फल, पितांबरी गमछा पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि आदमकद प्रतिमा बनाने के लिए 21,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदेश अध्यक्ष को नगद उपलब्ध कराई गई। हर्ष यादव ने कहा कि वरिष्ठ दिवंगत समाज सेवियों की प्रतिमा स्थापित करने से समाज उत्थान के कार्यों का स्मरण हमेशा बनी रहती है। कोसरिया शाखा के युवा, नौजवानों को समाज सेवा के साथ देश सेवा करने प्रेरित करते हुए सही मार्गदर्शन प्रदान करें।

**छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया**

### सामाजिक जयघोष के साथ शिक्षा से जुड़ने संकल्प

आयोजन में सामाजिक जयघोष के साथ शिक्षा से जुड़ने का संकल्प दोहराया गया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि अशिक्षा के कारण यादव गरीब हैं, जिस दिन समाज सामूहिक रूप से संकल्प ले कि हर गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षित करेगा। उस दिन हमारा समाज भी अन्य समाजों की तरह मजबूत बन जाएगा। रूढ़ीवादी परम्परा व नशापान भी यादव समाज के उत्थान में बहुत बड़ी बाधा है। इससे भी हमें दूर रहना होगा। समाज का 74 वां स्थापना दिवस सभी समाज के लोगों को बधाई। आयोजन में राधे यादव, गोवर्धन यादव, बाबूलाल यादव, ईश्वरी यादव, भूपेंद्र यादव, दिलीप यादव, रोमनाथ यादव, ललित यादव, विष्णु यादव, चैतराम यादव, छबि लाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## 20 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलेगा प्रदेश स्तरीय अभियान

# महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर, पेपर बैग बनाना सीखा, कैमरा लगाना भी सीख रहीं

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव-गांव में उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पोटिया की महिलाओं को पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इतना ही नहीं उन्हें बाजार की उपलब्धता को लेकर जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के बाद सभी महिलाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संजय चौबे ने बताया कि भारत आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से कदम आगे बढ़ा रहा है। विकसित भारत 2047 की परिकल्पना तभी पूरी हो सकेगी, जब हम गांव तक रोजगार उपलब्ध करा पाएं। चाइना, चीन जैसे देश इसके कारण ही आर्थिक रूप से मजबूत हो पाए। इस देखते हुए इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। 20 अगस्त से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में इसे लेकर अभियान चलाया जाना है।



### ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे शिविर

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत पोटियाकला, उरला, कुम्हारी, जोरातराई में क्रेन ऑपरेटर तथा क्रेन मेंटेनेंस, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवम सुधारने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संपूर्ण प्रदेश में 20 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलने वाले उधमिता प्रोत्साहन सम्मलेन का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है। चौबे ने इस अभियान से सभी महिलाओं और युवाओं से जुड़ने की अपील की। ताकि उन्हें रोजगार उपलब्ध हो सके। यह अपने तरह का नया प्रयोग केंद्र सरकार के सहयोग से शुरू किया गया है। फिलहाल छोटे-छोटे ग्रुप्स में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें महिलाओं का 40-40 का ग्रुप तैयार किया जा रहा है। ताकि वे जल्दी काम सीखें और आमदनी अर्जित कर सकें। महिलाओं को क्रेन मेंटेनेंस से लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना भी सिखाया जा रहा है।

### पोटियाकला के सतनाम भवन में प्रशिक्षण

पोटियाकला के सतनाम भवन में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं को पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अथिति के रूप में लघु उद्योग भारती के पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता शामिल हुए। उनके अलावा शशिकला गुप्ता, संतोष जैन, स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम में संजय चौबे ने युवाओं से अपील करते हुए महिलाओं के उत्पादों को बेचने के लिए आगे आएं। ताकि रोजगार का सृजन हो सके। इससे महिलाएं तो आत्मनिर्भर होंगी ही, युवाओं को भी तैयार उत्पादों को बेचने के साथ रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने सामूहिक रूप से प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की।

### ऑर्डर की कमी नहीं, बस उत्पाद तैयार करने वाले चाहिए

चौबे ने महिलाओं से कहा कि आपके द्वारा बनाए गए सामान की बिक्री के लिए चिंता न करें। हम आपके लिए दुकानदारों से आपके बीच एक सेतु का काम करके आपके बनाए उत्पादों को बिक्री करवाने में सहयोग करेंगे। यह पहल महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबी भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान दिखाता है कि कैसे कौशल विकास और समाज का सहयोग मिलकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया सकता है।

सिटी स्पोर्ट्स

## रायपुर के जसराज ने एशियन यूथ कराते में जीता पहला रजत



**रायपुर।** चीन के वुहान में आयोजित एशियन यूथ कराते चैम्पियनशिप में रायपुर के जसराज सिंह ने भारत के लिए पहला रजत पदक हासिल किया है। कोच तुषार परगनिहा ने जानकारी दी कि इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) ने पुरुष वर्ग के अंडर-10 वर्ष आयु वर्ग में -40 कि.ग्रा. में भारतीय टीम का प्रतिवितिधत्व करते हुए चीन को 7-2,मकाउ को 6-1 तथा सेमीफाइनल मे मकाउ के ही खिलाड़ी को 7-0 से हराते हुए फाइनल मे जगह बनाई। फाइनल मे जसराज का मुकाबला मलेशिया के खिलाड़ी से हुआ जिसमें वह आखिर क्षणों तक 2-0 तक आगे रहे किन्तु मुकाबला मलेशिया के नाम रहा और जसराज सिंह को रजत पदक हासिल हुआ। इस अवसर पर कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान भरत शर्मा, छत्तीसगढ़ कराते-डु एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हिया नायडू, महासचिव अमल तालुकदार एवं रायपुर कराते एसोसिएशन की महासचिव हर्षा साहू ने समस्त पदाधिकारियों की ओर से बधाई दी है। प्रतिस्पर्धा एशियन कराते फेडरेशन द्वारा सब-जूनियर एवं कैडेट वर्गों के खिलाड़ियों के किया जा किया गया था। जसराज ने सब जूनियर राष्ट्रिय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर भारतीय टीम में जगह बनाई थी। जसराज ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न राज्य स्तरीय खेलों मे 11 स्वर्ण पदक के साथ-साथ वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं मे स्वर्ण पदक हासिल किया है।

## स्टेट सब जूनियर शतरंज में 16 खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन में रायपुर जिला शतरंज संघ द्वारा विप्र भवन समता कॉलोनी में 15 से 18 अगस्त तक आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सब जूनियर अंडर-15 फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनल चौबे प्रतिपक्ष नेता नगर निगम रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि प्रवेश जोशी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं हेमंत खूटे सचिव प्रदेश शतरंज संघ उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा ने अपने संबोधन में शतरंज को बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्ष मीनल चौबे ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सलाह देते हुए कहा कि हार जीत मायने नहीं रखता खेल भावनाओं से खेलना, यह खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होता है। जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला ने स्पर्धा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा में राज्य के कुल 171 खिलाड़ी खेल रहे हैं जिसमें राज्य के 18 जिले के शतरंज प्रतिभागी शामिल है। स्पर्धा में कुल 37 अंतरराष्ट्रीय वरियता प्राप्त खिलाड़ी खेल रहे हैं। स्पर्धा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई है। स्पर्धा के तृतीय चक्र की समाप्ति के बाद 16 लोग तीन अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर चल रहे हैं जिनमे प्रभमन सिंग ,बोतुकू पूजन,अभिनव वर्मा,आलोक कन्नौजे,सत्यम वर्मा, ओजस मोहता, भ्व्यम झावर, इसान सैनी, अक्ष चोपड़ा,विवान रॉय,वनीत खतवा, मयंक महंत,मोहम्मद शालीक नवाज,अद्वित पांडे,राशि वरुरकर,विवान गुप्ता शामिल है।

## बुची बाबू क्रिकेट में आयुष ने जड़ा शानदार शतक

**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा



अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 15 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का पहला मैच नाथम, तमिलनाडु में जम्मु एवं कश्मीर के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 76.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 278 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुश पांडेय ने शतक लगाते हुये शानदार 138 रन बनाये। साथ ही कप्तान अमनदीप खरे ने 65 रनों का योगदान दिया। जम्मु एवं कश्मीर की ओर से आबिद मुश्ताक ने 4 विकेट तथा साहिल ने 3 विकेट प्राप्त किए। जम्मु एवं कश्मीर अपनी पहली पारी में 103 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 349 रन बना लिये हैं। जम्मु एवं कश्मीर की ओर से शुभम खजूरिया ने सर्वाधिक नाबाद 147 रन बनाये तथा पारस डोगरा ने 73 रनो का योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से सौरभ मजुमदार, मयंक यादव, उत्कर्श तिवारी तथा गगनदीप सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जम्मु एवं कश्मीर ने 71 रनों की बढत प्राप्त कर ली है।

### फैटी लिवर के लक्षणों को नजरअंदाज करना है सेहत से खिलवाड़

# फैटी लिवर के साथ नजर आने वाले ये लक्षण देते हैं लिवर की खराबी का संकेत

फैटी लिवर के साथ अगर आपके शरीर में कुछ और लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं, तो इन्हें नजरअंदाज न करें। ये लक्षण, लिवर की खराबी का संकेत हो सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए, लिवर का हेल्दी होना जरूरी है।



लिवर हमारे शरीर का एक अहम हिस्सा है और सेहतमंद रहने के लिए, लिवर का सही तरह से फंक्शन करना बहुत जरूरी है। आजकल गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के चलते, लिवर की समस्या बढ़ती जा रही है। लिवर के सही तरह से फंक्शन न करने का असर, हमारे पूरे स्वास्थ्य पर होता है। आजकल फैटी लिवर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से लिवर सही से डिटॉक्स नहीं हो पाता है।

शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने पर, कई तरह की बीमारियां हमें घेर लेती हैं। फैटी लिवर के साथ अगर आपके शरीर में कुछ और लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं, तो इन्हें नजरअंदाज न करें। ये लक्षण, लिवर की खराबी का संकेत हो सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए, लिवर का हेल्दी होना जरूरी है।

यहां हम आपको कुछ ऐसे लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जो फैटी लिवर के साथ अगर नजर आएं, तो आपको सावधान होने की जरूरत है। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गेट हेल्थ कोच हैं।

अगर फैटी लिवर के साथ आपको वजन कम करने में भी मुश्किल आ रही है, तो इसका मतलब है कि आपका लिवर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। मोटापा, फैटी लिवर का एक मुख्य कारण है। वहीं, अगर आपका लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो इससे डाइजेशन पर असर होता है और आप वजन कम नहीं कर पाती हैं।

अगर आपके मुंह या शरीर से दुर्गंध आ रही है, तो यह भी लिवर के सही तरह से काम न करने का संकेत है। दरअसल, जब लिवर सही से काम नहीं करता है, तो शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं। जीभ के ऊपर सफेद लेयर का जमना भी इस बात का संकेत है कि आपका लिवर ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। लिवर फंक्शन सही न होने पर, शरीर डिटॉक्स नहीं हो पाता है।

अगर आपको लगातार स्किन इंफेक्शन हो रहे हैं, एक्ने, प्राइवेट पार्ट्स में पिंपल्स जैसी दिक्कते हो रही हैं, तो यह भी लिवर की खराबी का संकेत है। इसे नजरअंदाज न करें। बार-बार होने वाला सिरदर्द भी, लिवर में खराबी की तरफ इशारा करता है।

लिवर सही न होने पर, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें आम होती हैं। अगर आपको खाना ठीक से नहीं पच रहा है, खाने के बाद अक्सर, ब्लोटिंग, गैस, उल्टी और बदहजमी होती है, तो इसे लिवर की खराबी का संकेत समझें।

लिवर सही न होने पर इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। अगर आप बार-बार बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, तो इसकी वजह लिवर फंक्शन सही न होना हो सकता है। शरीर में न्यूट्रिशन की कमी, हार्मोनल इंबैलेंस और लिवर की खराबी की वजह से शुगर क्रेविंग्स हो सकती हैं। बार-बार होने वाली शुगर क्रेविंग्स, आपकी सेहत भी खराब कर सकती हैं। अगर फैटी लिवर के साथ, आपका लिवर फंक्शन सही नहीं है, तो मांसपेशियों में दर्द हो सकता है।



## शनि प्रदोष व्रत पर आज इस विधि से करें रुद्राभिषेक, जानें शुभ मुहूर्त और नियम



हिंदू पंचांग के अनुसार सावन माह का आखिरी प्रदोष व्रत बेहद खास होने जा रहा है। वहीं शनिवार के दिन त्रयोदशी तिथि होने से इसका खास महत्व है। इसे शनि प्रदोष व्रत कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। इस बार सावन शनि प्रदोष व्रत पर कई शुभ भी बन रहे हैं। इसलिए इस दिन पूजा करना और भगवान शिव का रुद्राभिषेक करना उत्तम फलदायी साबित हो सकता है। अब ऐसे में शनि प्रदोष के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है, नियम क्या है और किस विधि से रुद्राभिषेक करना उत्तम माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

**शनि प्रदोष व्रत कब है ?** सावन माह का अंतिम शनि प्रदोष व्रत 17 अगस्त को रखा जाएगा। सावन के अंतिम शनिवार को 17 अगस्त को सुबह 8 बजकर 6 मिनट से त्रयोदशी तिथि का आरंभ होने जा रहा है और इसका समापन 18 अगस्त को सुबह 05 बजकर 52 मिनट तक रहेगा। जिससे शनि प्रदोष व्रत का संयोग बनेगा। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए, तो शनिवार के दिन त्रयोदशी तिथि होना शुभ फलदायी है। इस दिन शिवजी का अभिषेक करना शुभ होता है। इसी के साथ इस दिन प्रीति और आयुष्मान योग का शुभ संयोग भी बन रहा है। इसके अलावा बुधादित्य राजयोग और शुक्र आदित्य राजयोग भी प्रभावशाली रहेंगे। आप शनिवार के दिन सूर्योदय के बाद पूरे दिन कभी भी भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर सकते हैं।

### भगवान शिव का रुद्राभिषेक किस विधि से करें?

स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें।शिवलिंग को गंगाजल से धोकर शुद्ध करें।पूजा स्थल को साफ-सुथरा करें।दीपक जलाएं और धूप दें।सबसे पहले शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक करें।फिर दूध, दही, घी, शहद, फल का रस और पंचामृत से अभिषेक करें।प्रत्येक द्रव्य से अभिषेक करते समय महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।बेलपत्र, धतूरा, भांग, चंदन और पुष्प चढ़ाएं। शिवलिंग के सामने बैठकर भगवान शिव की आराधना करें।शिव तांडव स्तोत्र, शिव महामृत्युंजय मंत्र आदि का पाठ करें। जल से भरे कलश से शिवलिंग पर अर्घ्य दें।

## नमी के मौसम में बिस्कुट और टोस्ट को इन तरीकों से बनाइए क्रिस्पी



मानसून में हवा में नमी, धूप की कमी, ठंड और सीलन के कारण चीजें बहुत जल्दी सीत जाती है या सॉगी हो जाती है। अक्सर बिस्कुट, टोस्ट और कुकी नमी और सीलन के कारण सॉगी हो जाते हैं। सॉगी होने के कारण कोई भी इन बिस्कुट, टोस्ट और कुकीज को खाना नहीं पसंद करते हैं। लोग सॉगी हुए बिस्कुट, टोस्ट और कुकीज को फेंक देते हैं। कुरकुरा और क्रिस्पी टोस्ट और बिस्कुट के लिए यहां हमने कुछ टिप्स दिए हैं, इन टिप्स को फॉलो कर आप भी सॉगी हुए बिस्कुट, कुकीज और टोस्ट को क्रिस्पी कर सकते हैं।

### ओवन में बेक करें

बिस्कुट या टोस्ट को एक बेकिंग ट्रे पर फैला दें। ओवन को 150-180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। 5-10 मिनट के लिए सॉगी बिस्कुट और कुकीज़ को बेक करें, जब तक कि वे फिर से क्रिस्पी न हो जाएं।

### तवा पर सेकें:

यदि आपके पास ओवन या माइक्रोवेव नहीं है, तो आप तवा से भी बिस्कुट और कुकीज को क्रिस्पी कर सकते हैं। गैस पर तवा गरम करें और एल्युमीनियम फॉयल रखें, उसके ऊपर बिस्कुट या टोस्ट को रखें और चिमटा से लगातार बिस्कुट या कुकीज को पलटते रहें। धीमी आंच पर दोनों ओर से सेकें जब तक कि वे फिर से कुरकुरे न हो जाएं। आंच बंद करें और बिस्कुट को तवे पर ही ठंडा होने दें और फिर एयरटाइट कंटेनरमें फिर से स्टोर करें।

### माइक्रोवेव में करें गर्म:

माइक्रोवेव में बिस्कुट को गर्म करने से पहले बेकिंग ट्रे में बटर पेपर या एल्यूमिनियम फॉयल रखें, फिर बिस्कुट और कुकीज को उसके ऊपर रखें। बिस्कुट या टोस्ट को माइक्रोवेव में रखकर 20-30 सेकंड के लिए गर्म करें। इससे उनकी नमी दूर हो जाएगी और वे फिर से क्रिस्पी हो जाएंगे।

### एयर फ्रायर का उपयोग करें

एयर फ्रायर की मदद से भी आप सॉगी हुए बिस्कुट और कुकीज़ को क्रिस्पी कर सकते हैं। बिस्कुट या टोस्ट को एयर फ्रायर में डालकर 2-3 मिनट तक 150-160 डिग्री सेल्सियस पर गर्म करें।



## नाक पर रहता है गुस्सा तो इन टिप्स से कीजिए कंट्रोल

क्या आप भी बात-बात पर गुस्सा करते हैं? क्या गुस्से के कारण आपके आसपास के लोगों को नुकसान पहुंच रहा है? एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स की मदद से आप गुस्से पर काबू पा सकते हैं।

गुस्सा एक इमोशन है और हर मानव जाती में यह इमोशन होता है। कोई चीज बुरी लग जाती है, मन मुताबिक काम ना हो, या आपका नुकसान हो जाए तो गुस्सा आना लाजमी है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें बात-बात पर गुस्सा आता है। मजाक मजाक में इसे नाक पर गुस्सा रहना भी कहते हैं। हालांकि ऐसा करना ना आपके लिए सही है ना ही आपके आसपास के लोगों के लिए। ऐसे में आप एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स की मदद से गुस्से पर काबू पा सकते हैं।

### गुस्सा को इन टिप्स से करें शांत

बात-बात पर गुस्सा आता है तो आपको रूटीन में मेडिटेशन शामिल करना चाहिए,मेडिटेशन करने से तंत्रिका तंत्र शांत होता है, इससे गुस्सा का प्रभाव कम होता है। इससे गुस्से की स्थिति में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। नियमित मेडिटेशन से आपका मन शांत और स्थिर रहता है।

गुस्सा शांत रखने के लिए आप सूदिंग म्यूजिक सुन



सकते हैं।इससे मस्तिष्क में सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं,जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं। इससे गुस्सा का स्तर भी कम होता है।

अपने गुस्से के ट्रिगर पहचानें,यह आपको उन स्थितियों से बचने में मदद करता है जो आपके गुस्से को उत्तेजित करती है। आप नोटबुक में उन परिस्थितियों को लिखना शुरू करें जो आपके गुस्से का कारण बनता है। इससे आपको गुस्सा कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

गुस्सा और चिड़चिड़ापन तब होता है जब आप अंदर से बहुत परेशान और किसी बात को लेकर चिंतित रहते हैं, ऐसे में वीकेंड में एक बार खुद के लिए मी टाइम निकालें, अपनी पसंदीदा एक्टिविटी करें, दोस्तों से मिलें, बाहर निकलने से आप प्रकृति के साथ वक्त बिताएंगे,इससे आपका मन शांत होगा,और धीरे-धीरे गुस्से पर काबू आएगा।

गुस्से की वजह से आपका बहुत नुकसान हो रहा है,आपके करीबियों को चोट पहुंच रही है तो बेहतर होगा की आप किसी प्रोफेशनल थेरेपिस्ट की सहायता लें,इससे आपको अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।




कार्नर न्यूज

### त्यौहार के मौके पर अकेलेपन का एहसास न होनें दें

# राखी वाले दिन नहीं जा रहे हैं अपने घर तो इस तरह सेलिब्रेट कीजिए फेस्टिवल

कई लोग होंगे जिन्हें राखी के दिन भी ऑफिस जाना पड़ रहा होगा। उन्हें ऑफिस से छुट्टी नहीं मिली होगी। ऐसे में वह अपने परिवार से मिलने भी नहीं जा पा रहे होंगे। अपने गांवों और कस्बों को छोड़कर शहर में रह रहे लोगों को त्योहारों में बहुत अकेलापन लगता है।

ऐसे में उन्हें समझ नहीं आता कि वह इस दिन को बिना परिवार के कैसे मनोरंजक बनाएं। अगर आप भी राखी के दिन अकेले घर पर रहकर बोर नहीं होना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आपका राखी का त्योहार बिना परिवार के भी यादगार हो जाएगा।



आपको राखी का दिन शहर में ही घूम कर बिताना चाहिए। इसलिए सुबह अच्छे से नहाकर तैयार हो जाएं।सबसे पहले आप अपने शहर के किसी मंदिर में भगवान का आर्शीवाद लेने जाएं। इसके बाद आप ब्रेकफास्ट घर पर करने की बजाय बाहर किसी अच्छी लोकेशन पर करें। अगर आपका कोई ऐसा दोस्त है, जो आपकी तरह की राखी पर अकेला है, तो आप उसे भी अपने साथ लेकर जा सकते हैं।

ब्रेकफास्ट के बाद आप फिल्म देखने का प्लान करें। कोई अच्छी फिल्म देखने के बाद आप किसी अच्छे रेस्टोरेंट में लंच करें। लंच करने के बाद आप शहर की कुछ फेमस जगहों पर घूमने जाएं। शाम का समय आप किसी पार्क में बिता सकते हैं। इसके अलावा आप शहर के ऐतिहासिक स्थलों और म्यूजियम भी घूमने जा सकते हैं।अगर आपको ऐतिहासिक जगहों पर घूमना नहीं पसंद है, तो आप मॉल घूमने भी जा सकते हैं।

पूरे दिन शहर में घूमने के बाद आप रात में किसी अच्छी जगह डिनर करें। इसके बाद आप अपने एक दिन के शहर के ट्रिप को समाप्त कर सकते हैं। घर में पूरे दिन सोकर बिताने से अच्छा है कि आप पूरा दिन घर के बाहर कहीं घूम कर बिताएं। यकीन मानिए, इस बार की राखी को आप भी कभी भूल नहीं पाएंगे। आपके अकेले दोस्तों को भी यह एक दिन की ट्रिप पसंद आएगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' में फ्रैंक कैसल और मरडॉक आएंगे साथ

डी 23 2024 के दुनिया भर के प्रशंसक, मार्वल स्टूडियोज की फिल्म 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




शुक्रवार रात मार्वल स्टूडियोज की डी23 प्रस्तुति के दौरान, चार्ली कॉक्स और विंसेट डी'ऑनफ्रियो ने अपनी आगामी डिज्नी सीरीज, डेयरडेविल: बॉर्न अगेन की नई झलक दिखाई। कॉक्स नेवकील मैट मरडॉक उर्फ मैन विदाउट फियर के रूप में वापसी की है, जबकि डी'ओनोफ्रियो ने फिश उर्फ किंगपिन की अपनी भूमिका दोहराई है। स्टेज पर उनके साथ जॉन बर्नथल भी नजर आए, जो फ्रैंक कैसल/द पनिशर के रूप में वापस आए। इसके अलाना डेबोरा एन वोल थे, जो करेन पेज के रूप में वापस आए और एल्डेन हेनसन, जो फॉगी नेल्सन के रूप में दोबारा नजर आएंगे। चार्ली कॉक्स के डेयरडेविल और विंसेट डी'ओनोफ्रियो के किंगपिन को वापस लाते हुए सीरीज स्पाइडर-मैन: नो वे होम, शी-हल्क अटॉर्नी एट लॉ, हॉकआई और इको जैसे प्रोजेक्ट्स में पहले से ही निर्धारित विषयों को जारी रखेगी। हालांकि, इसमें पर्दे के पीछे बड़े बदलाव हुए हैं, लेकिन मार्वल स्टूडियोज ने MCU के मैन विदाउट फियर के लिए जो कुछ भी तैयार किया है, उसके लिए दर्शकों की उत्सुकता काफी ज्यादा है।

### टॉलीवुड

## कमल हासन ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 65 साल, मनाया जश्न


भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में कमल हासन का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। अपने प्रतिभा से वह करोड़ों दिलों पर राज करते हैं। 12 अगस्त को इस अभिनेता ने फिल्मी दुनिया में अपने 65 साल पूरे कर लिए।



कमल हासन ने साल 1959 में आई फिल्म ' कलाथुर कन्नम्मा ' में एक बाल कलाकार के रूप अपने करियर की शुरुआत की थी। अभिनय के अलावा वह निर्देशक, निर्माता, गायक, संगीतकार, लेखक, गीतकार और पटकथा लेखक के रूप में अपनी प्रतिभा को लोहा मनवा चुके हैं। सुपरस्टार की इस अविश्वसनीय यात्रा का जश्न मनाने के लिए ' ठग लाइफ' की टीम ने फिल्म के सेट से एक नया बिहाइंड द सीन (बीटीएस) तस्वीर साझा की है।इसके साथ ही एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा गया है। पोस्ट में लिखा है, ₹दुनिया ने 65 साल पहले एक भावी सिनेमाई महानायक के आगमन को देखा। सिनेमा की दुनिया में अपने छोटे-छोटे कदमों के साथ कमल हासन दशकों में विशाल प्रगति की है। उन्होंने कलात्मक उत्कृष्टता की अपनी अथक खोज के साथ भारतीय सिनेमा की कलात्मक सीमाओं का विस्तार करना जारी रखा है। बधाई हो, प्रिय कमल सर।₹ कमल हासन की आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। फिल्म नायकन के कई वर्षों के बाद दोनों कलाकार किसी प्रोजेक्ट पर एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में उनके अलावा सिम्बू, त्रिशा, अशोक सेलवन, नासर, अभिरामी, जोजू जॉर्ज, गौतम कार्तिक, ऐश्वर्या लक्ष्मी, सान्या मल्होत्रा, पंकज त्रिपाठी और अली फजल भी हैं। इसका संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' रिलीज हुई थी। यह फिल्म दर्शकों की उम्मीद पर खरी नहीं उतर सकी। -

### भोजपुरी

## दुल्हनिया का फर्स्ट लुक आउट हुआ जारी, दर्शकों ने की तारीफ




जॉली हिट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म "चिंटू की दुल्हनिया" का मुंबई में फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है। फिल्म के निर्देशक चन्दन सिंह ने बताया कि यह भोजपुरी फिल्म "चिंटू की दुल्हनिया" कॉमेडी हॉरर है। जिस की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश में की गई है। देसी धुन म्यूजिक पर इसका ट्रेलर जल्द रिलीज की जाएगा। हॉरर में कॉमेडी का तड़का लगाकर फिल्म मेकर्स को बहुत फायदा होता है, जो लोग हॉरर मूवी नहीं देखते पर कॉमेडी देखते हैं वह भी हॉरर कॉमेडी फिल्में देखना पसंद करते हैं। आज के समय में सिनेमाघरों में लोग अपनी पसंद के कंटेंट को देखना चाहते हैं। इन कंटेंट में कॉमेडी, हॉरर कॉमेडी, रोमांटिक और सस्पेंस-थ्रिलर फिल्में शामिल है। फिल्म के मुख्य कलाकारों में प्रदीप पांडेय चिंटू ,यामिनी सिंह ,शिल्पी राघवानी,प्रमोद माउथो,राम सूजन सिंह ,रश्मि शर्मा ,पुष्पेंद्र कुमार ,सोनिया मिश्रा ,नेहा सिंह ,कृष्णा कुमार सोनी ,महेश आचर्य,मनोज दिवेदी ,पूर्वी ,अमन सिंह चौहान ,नन्द किशोर ,अभय झा,मेहनाज़ श्रॉफ ,देव सिंह ,सिप्पी भट्ट ,अंकित चौहान ,विशाल सिंह ,रॉकी और मोहित कनोजिया शामिल है। भोजपुरी फिल्म "चिंटू की दुल्हनिया" के निर्माता मुकेश जवाहिर चौहान ,निर्देशक चंदन सिंह ,लेखक वीरू ठाकुर ,छायांकन समीर सय्यद ,एक्शन दिलीप यादव ,प्रचारक संजय भूषण पटियाला ,डांस कानू मुखर्जी ,रामदेवन और संगीत राजेश प्रसाद ने तैयार किया है।

## दुल्हन ऐसे भाएगी पिया मन




इंडिया ब्राइडल फैशन वीक हर साल मुंबई के साथ-साथ दिल्ली में भी आयोजित किया जाता है। यह भारत में होने वाले शीर्ष चार फैशन शो में से एक है। इन दिनों एम्बी वैली द्वारा समर्थित, ब्राइडल फैशन शो में देश के कुछ सबसे बेहतरीन ट्रेंड और महत्वपूर्ण फैशन डिजाइनरों द्वारा ब्राइडल कॉउचर के डिज़ाइन पेश किए जाते हैं। हेरिटेज ब्रांड्स, बॉलीवुड सुपरस्टार्स, ट्रेंडसेटर्स और देश के अन्य प्रमुख लोगों के लिए यह एक पसंदीदा इवेंट बन गया है, साथ ही यह भारत के फैशन डिज़ाइन प्रेमियों और शादी के लिए प्रेरित करने वालों के लिए सबसे पसंदीदा जगह बन गया है।

## बढ़ती उम्र में भी झुर्रियां हो सकती है कम अगर इस तरह इस्तेमाल करेंगी हल्दी



चेहरे पर झुर्रियां नजर आना उम्र ज्यादा होने की निशानी है लेकिन कई बार झुर्रियां उम्र से पहले नजर आने लगती हैं और बढती उम्र के दौरान ये ज्यादा नजर आने लगती हैं। बढ़ती उम्र में झुर्रियां कम हो इसके लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं हल्दी का इस्तेमाल किस तरह करें इसके लिए हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की और उन्होंने हमें बताया कि किस तरह से हल्दी का इस्तेमाल से झुर्रियां कम हो सकती है।

चेहरे के लिए फायदेमंद है हल्दी

हल्दी कई सारे औषधीय गुण होते हैं और ये सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद हैं । हल्दी की मदद से जहां स्किन पर ग्लो आता है तो वहीं त्वचा से जुड़ी समस्या भी कम हो सकती है। वहीं त्वचा की केयर करने के लिए हल्दी को कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। बेसन, हल्दी और रोजमेरी ऑयल का बनाएं **फेस मास्क:** एक कटोरी में बेसन लें। इसमें हल्दी और रोजमेरी ऑयल डालें। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें।इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें।30 मिनट बाद मसाज करते हुए पेस्ट को पानी से साफ करें।इसके बाद चेहरे को मॉइस्चराइज करें। इस उपाय को हफ्ते में दो दिन करें। हल्दी को डायरेक्ट फेस पर लगाने से स्किन को नुकसान हो सकता है। इसलिए हल्दी का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरुर लें। वहीं घरेलू नुस्खे को आजमाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें ताकि किसी तरह का रिएक्शन न हो।

## पटियाला सलवार सूट के डिजाइंस आपको देंगे परफेक्ट पंजाबी लुक




पटियाला सलवार सूट का डिजाइन खासतौर पर उन महिलाओं के लिए है जो पंजाबी परंपरा को पसंद करती हैं और परफेक्ट पंजाबी लुक पा कर सुंदर दिखने की चाहत रखती हैं। पटियाला सलवार के साथ खूबसूरत सूट और कुर्तियां हमेशा से ही महिलाओं के मध्य लोकप्रिय रहे हैं और इस तरह के सूट को महिलाएं हर तरह के अवसरों पर पहनती आई हैं। इनमें बहुत सारे पैटर्न, वेराइटी और डिजाइंस आपको बाजार में देखने को मिल जाएंगे। अगर आपका भी पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बनना है और पटियाला सूट डिजाइन को अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना है, तो आप भी पटियाल सलवार सूट के नए डिजाइंस देख सकती हैं और अपने लिए उन्हें रीक्रिएट करा सकती हैं।



### गोटा-पट्टी पटियाला सलवार सूट:




गोटा-पट्टी की भव्य कारीगरी से सजे पटियाला सलवार सूट में आपको पारंपरिक और आधुनिक शैली का शानदार मिश्रण देखने को मिल जाएगा। इन सूट्स में गोटा के सजावटी टुकड़े और चमकदार धागों से कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें बेहद आकर्षक और भव्य बनाते हैं। गोटा-पट्टी की यह कारीगरी किसी भी पारंपरिक अवसर के लिए बिल्कुल उपयुक्त होती है, जैसे कि शादियां और त्योहार। इस डिजाइन में आपको सुंदर रंगों और बारीक काम की कढ़ाई देखने को मिलेगी, जो इस सूट को और भी खास बनाती है।

### सिंपल रेड पटियाला सलवार सूट:

यदि आप साधारण लेकिन प्रभावशाली लुक पसंद करती हैं, तो साधारण लाल पटियाला सलवार सूट आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

## रक्षाबंधन के लिए हाथों पर कुछ मिनटों में बन जाएंगी मेहंदी के ये सिंपल डिजाइंस



लगभग हर तीज-त्योहार के मौके पर हथेली की शोभा बढ़ाने के लिए हम मेहंदी लगाना पसंद करते हैं। इसे हाथों पर लगाना बेहद शुभ माना जाता है। इसमें आपको अनेक डिजाइंस देखने को इल जाएंगे। वहीं तीज-त्योहार की बात करें तो रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है। रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के लिए बेहद खास माना जाता है। कामकाज में लगे रहने के कारण हम कई बार बाहर जाकर मेहंदी नहीं लगवा पाते हैं। तो आइये देखते हैं मेहंदी के कुछ आसान डिजाइंस, जिन्हें आप चंद मिनटों में हथेली पर बना सकती हैं और समय बचाकर हाथों को खूबसूरत बना सकती हैं।

### केरी मेहंदी डिजाइन

केरी को कई तरह से हथेली पर बनाया जा सकता है। इसमें आप बेल से लेकर भरे हाथों वाली फुल हैण्ड मेहंदी भी हाथों पर सजा सकते हैं। इसमें आप केरी के अंदर बारीक डिजाइन की जाली भी बना सकते हैं। देखने में इस तरह की डिजाइन बेहद बारीकी से बनाई हुई हुई नजर आती है।


### बेल मेहंदी

देखने में सबसे मॉडर्न लुक देने वाली बेल मेहंदी में सबसे ज्यादा अरेबिक स्टाइल या कट आउट डिजाइन की बेल को पसंद किया जाता है। वैसे तो इसमें एक उंगली पर डिजाइन बनाया जाता है, लेकिन आजकल इसमें आजकल केवल उंगलियों के लिए कलियों वाले आपको डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### मंडला आर्ट मेहंदी डिजाइन

आजकल गोल डिजाइन वाला मंडला आर्ट डिजाइन मेहंदी काफी चलन में है। इसमें बारीकी से गोल डिजाइन के अंदर आप गोल टिक्की भी बना सकते हैं।

## लंबे चेहरे के लिए 'नोज रिंग्स' के बेहतरीन डिजाइंस



लंबे चेहरे के लिए एक अच्छी नोज पिन या रिंग की तलाश में हैं, तो इस आर्टिकल में आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइनर नोज पिंस और रिंग्स की हम विकल्प दिखाएंगे और उन्हें आप कैसे स्टाइल कर सकती हैं यह भी बताएंगे।

महिलाओं की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए केवल मेकअप ही नहीं बल्कि कई तरह की चीजें बाजार में उपलब्ध हैं। जिनमें से एक है नोज रिंग। वैसे तो यह बहुत ही ट्रेडिशनल ज्वेलरी है, मगर अब इसे फैशन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा मान लिया गया है। महिलाओं का श्रृंगार नोज रिंग की अनुपस्थिति में अधूरा माना गया है। ऐसे में आज हम आपको खूबसूरत नोज रिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस दिखाएंगे, जिन्हें आप अपने चेहरे के शेप के अनुसार चुन सकती हैं और खूबसूरत नजर आ सकती हैं।

### गोल्डन नोज रिंग

गोल्डन नोज रिंग हमेशा से ही क्लासिक और एलिगेंट मानी जाती हैं। आप किसी भी तरह के आउटफिट पर इन्हें कैरी कर सकती हैं। अगर आप असल की गोल्ड नोज रिंग नहीं खरीद पा रही हैं, तो आर्टीफीशियल ज्वेलरी में भी आपको एक से बढ़कर एक गोल्ड नोज रिंग की डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी। आपको केवल अपने फेश के शेप के अनुसार इनका चुनाव करना होगा। वैसे ये नोज रिंग लंबे चेहरे को और भी सुंदर दिखाने में मदद करती है। आप इसे किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपको एक शाही लुक मिलेगा।

### एथनिक नोज पिन्स

एथनिक नोज पिन्स आजकल बहुत चलन में हैं। ये पिन्स खासकर उन लोगों के लिए हैं जो अपने लुक में एक ट्रेडिशनल टच देना चाहती हैं। आप लहंगे, हैवी साड़ी और सलवार सूट्स के साथ इस तरह की नोज पिन्स पहन सकती हैं और ये डिजाइंस लंबे चेहरे को और भी आकर्षक बनाती हैं।

कार्नर न्यूज

### कुल परिधान बाजार का लगभग 12 प्रतिशत कब्जा है शर्ट का

## भारत में पुरुषों का शर्ट बाजार छू रहा आसमान

*परिधान श्रेणी के रूप में 'शर्ट' भारत में कुल परिधान बाजार का लगभग 12 प्रतिशत और भारत में कुल पुरुषों के परिधान बाजार का लगभग 29 प्रतिशत है। 2017 में, समग्र भारतीय 'शर्ट' बाजार, (पुरुषों और महिलाओं दोनों शामिल), का अनुमान 397 बिलियन था, और यह 2027 तक 6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जिसका मूल्य लगभग 694 बिलियन होगा। पुरुषों की शर्ट भारत में कुल शर्ट बाजार का लगभग 94 प्रतिशत हिस्सा है (शेष 6 प्रतिशत महिलाओं की शर्ट बाजार द्वारा गठित) और अगले दशक में लगभग 5 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।*



भारत में पुरुषों की शर्ट का बाजार `371 बिलियन का है, वर्तमान में पुरुषों के शर्ट बाजार का लगभग 40 प्रतिशत औपचारिक और अर्ध-औपचारिक शर्ट द्वारा गठित किया गया है। (तुलनात्मक रूप से, भारत में महिलाओं की शर्ट श्रेणी को समग्र महिला परिधान श्रेणी में बहुत छोटा हिस्सा (2 प्रतिशत) मिलता है, जिसमें अभी भी जातीय वस्त्र का प्रभुत्व है। यह देश में प्रवेश और विस्तार के प्रारंभिक चरण में अभी भी एक अपेक्षाकृत नया खंड है, हालांकि देश के कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और भारत में महिलाओं के बीच पश्चिमी वस्त्र के प्रति बढ़ती रुचि के कारण, इसमें लगभग 14 प्रतिशत सीएजीआर की तेज दर से वृद्धि होने का अनुमान है, खासकर मेट्रो और मिनी-मेट्रो शहरों में।)

भारत में पुरुषों के शर्ट की श्रेणी पुरुषों के कपड़ों में सबसे बड़ी बनी हुई है, जिसमें 'ब्रांडेड' शर्ट की मांग बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में पुरुषों की शर्ट का बाजार बदलाव के दौर से गुजर रहा है - सीमित रंगों और डिजाइनों से औपचारिक और स्टाइलिश शर्ट की बहुत व्यापक और विशिष्ट श्रेणियों में बदलाव हो रहा है।

### अलमारी की पसंद में बदलाव के प्रमुख कारक

पिछले पांच वर्षों में देश के शहरी कस्बों और शहरों की आबादी में भारी वृद्धि हुई है। लगभग 10 मिलियन लोग हर साल शहरों और कस्बों में पलायन करते हैं। भारत की कुल जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में शहरी आबादी का वर्तमान 32.8 प्रतिशत (2017) से 2020 तक 35 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है, जिससे आधुनिक सुविधाओं के प्रति अधिक संपर्क बढ़ेगा - मुख्य रूप से भोजन और कपड़े, शिक्षा, परिवहन और आवास की ओर। शहरों में उच्च आर्थिक विकास और बढ़ते अवसरों ने शहरीकरण को जन्म दिया है। जीवनशैली और कार्यशैली को बदलने के अलावा, शहरीकरण ने संगठित खुदरा क्षेत्र में विकास किया है; इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता खरीद व्यवहार में बदलाव आया है। विशेष रूप से कुछ खरीदने से पहले निर्णय लेने की प्रक्रिया काफी प्रभावित हुई है। भारत में शहरीकरण में वृद्धि ने इसके लोगों को पहले की तुलना में अधिक प्रयोज्य आय भी प्रदान की है 2025 तक 7 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है। टियर- II और III शहर आने वाले उच्च डिस्पोजेबल-आय वाले शहर होंगे जिनमें अधिक क्रय शक्ति समता, उच्च इंटरनेट पहुंच और तेजी से ब्रांड के प्रति जागरूक युवा आबादी होगी।

